


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः178 | ग्वालियर, 8 मार्च शुक्रवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# एमपी कांग्रेस के नेता आज दिल्ली की बैठक में होंगे शामिल

, उम्मीदवारों के नाम पर करेंगे मंथन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मध्य प्रदेश में भी हलचल तेज है. पांच दिन के ब्रेक के बाद गुरुवार (7 मार्च) से मध्यप्रदेश कांग्रेस फिर से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने जा रही है. 7 मार्च को दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की प्रमुख बैठक में प्रदेश से तीन कांग्रेस नेता शामिल होंगे. इनमें प्रदेश प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह, मप्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शामिल हैं. इस बैठक में प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम पर मंथन होगा.बता दें कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो मार्च से छह मार्च तक मध्य प्रदेश के दौरे पर थे. भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राहुल गांधी प्रदेश के कई शहर और गांवों



में जाकर लोगों से मुलाकात की. पांच दिवसीय यात्रा के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित तमाम कांग्रेस के पदाधिकारी राहुल गांधी के साथ ही मौजूद रहे.

**दिल्ली की बैठक में शामिल होंगे कांग्रेस नेता**–भारत जोड़ो न्याय यात्रा के चलते प्रदेश कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों से हटकर अपना पूरा फोकस इस यात्रा पर ही केन्द्रित किया था. छह मार्च को यात्रा मप्र से होकर राजस्थान में प्रवेश कर रही है. नतीजतन आज से प्रदेश कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटेगी.7 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस की सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक हो रही है. इस बैठक में प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के लिए नामों का मंथन होगा. बताया जा रहा है कि देश शाम तक कांग्रेस प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से कुछ सीटों पर अपने उम्मीदारों के नाम का ऐलान भी कर सकती है.

**कांग्रेस को कितनी सीटें मिली**–दिल्ली में होने वाली इस बैठक में मध्य प्रदेश के प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह, मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शामिल होंगे. बता दें वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से महज एक सीट पर जीत दर्ज कर सकी थी, जबकि 28 सीटों पर बीजेपी ने कमल खिलाया था. छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से पूर्व सीएम कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ ने विजयी हासिल की थी. पूर्व सीएम कमलनाथ ने अब दावा किया ह

# उज्जैन पहुंचीं हेमा मालिनी, बीजेपी के 400 पार के दावे से जुड़े सवाल पर साधी चुप्पी

मशहूर अभिनेत्री हेमा मालिनी गुरुवार को उज्जैन पहुंचीं और उन्होंने उज्जैन में विक्रम उत्सव के तहत आर्ष भारत प्रदर्शनी का उद्घाटन किया. हेमा मालिनी से जब लोकसभा चुनाव के बीजेपी द्वारा किए जा रहे दावे पर सवाल पूछा तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया. उन्होंने 400 पार के दावे पर चुप्पी साध ली.उज्जैन में विक्रम उत्सव के तहत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2024 अंतर्गत अभिनेत्री हेमा मालिनी ने भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केन्द्रित प्रदर्शनी आर्ष भारत का उद्धाटन किया.




शोधपीठ कार्यालय में प्रदर्शनियों में विक्रमकालीन मुद्रा एवं मुद्रांक, श्रीकृष्ण ÷ चौंसठ कलाएं, श्रीकृष्ण होली पर्व, विक्रमादित्य के समकालीन शैलचित्र का हेमा मालिनी ने अवलोकन किया. अवलोकन पश्चात उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और विरासत को लेकर अपने विचार व्यक्त किये. अभिनेत्री हेमा मालिनी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें महाकाल की नगरी में एक बार फिर आने का अवसर मिला है. जब उनसे लोकसभा चुनाव में बीजेपी द्वारा किए जा रहे 400 पार के दावे पर सवाल पूछा तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया.

**9 अप्रैल तक चलेगी प्रदर्शनी**–अश्विनी शोध संस्थान के सहयोग से विक्रमकालीन मुद्रा एवं मुद्रांकों को प्रदर्शित किया गया है. श्रीकृष्ण की चौंसठ कलाओं पर आधारित चित्रों के साथ ही भारतीय लघु चित्र शैली में श्रीकृष्ण होली पर्व व कृष्ण की छवियां प्रदर्शित की गई है. यह प्रदर्शनी 7 मार्च से 9 अप्रैल 2024 तक सुबह 10÷30 से रात 8÷00 बजे तक सभी के खुली रहेगी.

# विकसित भारत मोदी की गारंटी रथ को सीएममोहन यादव ने दिखाई हरी झंडी, 29 सीटों पर करेंगे प्रचार

विधानसभा चुनाव की भांति बीजेपीलोकसभा चुनाव में भी हाईटेक (विकसित भारत पीएम मोदी की गारंटी) रथों के माध्यम से केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएगी. बुधवार को भोपाल से इन हाईटेक रथों को रवाना किया गया है. सीएम डॉ. मोहन यादव (स्थ्फ्द्धड्डठ्ठ सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. कार्यक्रम के दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव ने पीएम नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद और अबकी बार 400 पार का नारा भी लगाया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा ÷हम सबका साथ सबके विकास को लेकर चलते हैं. हम सबके सुझावों का सम्मान करते हैं. सबके साथ सुख-दुख में खड़े रहते हैं. हमारी वसुधैव कुटुंबकम की भावना है. मैं हमारे इस कार्यक्रम में महामंत्री संगठन महामंत्री मान्यतानंद, संगठन के महामंत्री भगवदसामी, चुनाव अभियान संयोजक माननीय हेमंत खंडेलवाल वरिष्ठ विधायक रामेश्वर शर्मा, आलोक शर्मा और महापौर सहित सारे लोगों का स्वागत करता हूं.÷

**सीएम मोहन यादव ने विपक्ष पर कसा तंज**–सीएम डॉ. यादव ने आगे कहा कि हमने निश्चिय किया कि पूरे प्रदेश में अंदर प्रत्येक संसदीय क्षेत्र के अंदर यह सुझाव वाहन जाएंगे और जनता के



साथ जुड़कर हमारी सरकार के लिए, सुशासन लिए जो सुझाव हैं, वो लाएगी. सीएम यादव ने विपक्ष पर तंज भी कसा. सीएम ने कहा कि विपक्ष के तमाम हथकंडे और षडयंत्रों के बावजूद भी 10 साल में पीएम मोदी ने भारत की दशा बदली है. आर्थिक व्यवस्था हो, विकास का पैमाना हो, मानवीय संवेदना हो या कोविड का कठिन काल हर चुनौती को पीएम मोदी ने अपने नेतृत्व में सफल सिद्ध किया.

**पीएम बढ़ा रहे विकास की रफ्तार**–सीएम ने कहा ÷प्रधानमंत्री मोदी ना केवल विकास की रफ्तार बढ़ा रहे हैं, बल्कि हमारी जो एकात्माताबाद वाली मूल धारणा है, उस आधार पर वो वसुधैव कुटुंबकम के भाव को लेकर पूरे विश्व के लिए एक भविष्य की आशा बन के उभरे हैं. सीएम ने नारा लगाते हुए कहा एक बार फिर पीएम मोदी की सरकार, अबकी बार 400 बार.÷ सीएम यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपना सारा जीवन देश निर्माण के लिए समर्पित कर दिया है. मोहन यादव ने कहा कि दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि ऐसे प्रधानमंत्री का विपक्ष अपमान कर रहा है. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेल्फी बूथ का शुभारंभ किया. इस दौरान बीजेपी का मैं हूं, मोदी का परिवार कैंपन का भी नारा दिया गया.


STORME SMART SOLUTIONS

अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ पैसे कमाओ

कमायें 5000 रु. प्रति माह



अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ

5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139

Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram Gwalior, Madhya Pradesh 474020

Website : www.stormesmartsolutions.com

# औद्योगिक क्षेत्र में अग्नि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने कलेक्टर ने किया जांच दल का गठन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

05 मार्च 2024 बुधवार को कसरावद तहसील के निमरानी औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम पीपलझोपा में स्थित एशियन आर्गेनिक पेट्रो केमिकल्स फैक्ट्री परिसर में स्थित टैंकर में अचानक आग लग गयी थी। जिसके कारण काफी समय तक आग की लपटे एवं धुएँ का गुबार निकल रहा था। जिस पर जिला प्रशासन की सजगता, सर्तकता एवं तत्परता से शीघ्रता से ही काबू पा लिया गया।यह अग्नि दुर्घटना किन कारणों से हुई है इसकी जांच के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा ने कसरावद एसडीएम श्री अग्रिम कुमार की अध्यक्षता में जांच दल गठित किया है। अग्नि दुर्घटना की जांच के लिए गठित टीम में कसरावद एसडीएम, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र खरगोन के महाप्रबंधक, जिला आपूर्ति अधिकारी खरगोन, जिला



वाणिज्यिक कर अधिकारी खरगोन, संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य सुरक्षा विभाग इंदौर, जिला श्रम पदाधिकारी खरगोन, कसरावद थाना प्रभारी, सेल्स ऑफिसर इंडियन आईल कम्पनी खरगोन के श्री ललित कुमार राय एवं रीजनल मेनेजर म.प्र.प्रदुषण बोर्ड इन्दौर के श्री द्विवेदी को शामिल किया गया है।

**जांच दल बिन्दुवार जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे**-गठित जांच दल अग्नि दुर्घटना के कारणों की सुक्ष्मता से जांच कर बिन्दुवार स्पष्ट अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन 3 दिवस में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेगें। गठित जांच दल एशियन आर्गेनिक पेट्रो केमिकल्स फैक्ट्री किस नाम रजिस्टर्ड होकर कब से संचालित है। एशियन आर्गेनिक पेट्रो केमिकल्स फैक्ट्री की आवश्यक समस्त एनओसी की वैधता अवधि में है या वैधता की अवधि निकल चुकी हैं। एशियन आर्गेनिक पेट्रो केमिकल्स फैक्ट्री में आग दुर्घटना का मुख्य कारण क्या रहा है। आग दुर्घटना में कोई लापरवाही होना पायी गई है। यदि हां तो किस

# महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर पर 07 और 08 मार्च को जिले के सभी प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले भारी/बड़े वाहन (रेत-गिट्टी) की आवाजाही प्रतिबंधित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

## जिला दंडाधिकारी ने धारा 144 में आदेश जारी किए

### मुख्य मार्ग की सड़क के मध्य से दोनों ओर 50-50 मीटर की सीमा तक भारी/बड़े वाहनों (रेत-गिट्टी) पार्किंग भी प्रतिबंधित

भिण्ड । जिला दण्डाधिकारी संजीव श्रीवासतव ने महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर पर 07 मार्च प्रातः 6 बजे से 08 मार्च की रात्रि 11.59 बजे तक जिले के सभी प्रमुख मार्गो से गुजरने वाले भारी/बड़े वाहन (रेत-गिट्टी) की आवाजाही प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी श्री श्रीवास्तव ने धारा 144 के अंतर्गत आदेश जारी कर मुख्य मार्ग की सड़क के मध्य से दोनों ओर 50-50 मीटर की सीमा तक भारी/बड़े वाहनों (रेत-गिट्टी) को को अनावश्यक पार्किंग को भी प्रतिबंधित किया है।

जिला दण्डाधिकारी भिंड को पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन से अवगत कराया गया है कि 07 मार्च 2024 एवं 08 मार्च 2024 को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जावेगा, जिसमें कांवडिये एवं श्रद्धालु मुख्य मार्ग से होते हुये शिव मंदिरों पर पहुंचकर धर्म प्रेमियों द्वारा जिले के विभिन्न मंदिरों में कांवरे चड़ाई जाकर गेले के आयोजन किये जायेंगे। जिनके मुख्य मार्गो पर पैदल गुजरने के दौरान पूर्व में वाहनों द्वारा दुर्घटनायें घटित हुई है। उक्त दुर्घटनाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये उक्त अवधि (रेत-गिट्टी) को प्रतिबंधित किये जाने के अनुरोध पर उक्त आदेश जारी किए है।जिले के मुख्य सड़कों पर आवागमन अवरूद्ध होकर गम्भीर हादसे की प्रबल आशंका विद्यमान रहती है तथा अनेकों बार गम्भीर दुर्घटनायें घटित हो चुकी हैं जिसको लेकर कई बार पुलिस एवं प्रशासन को कानून व्यवस्था की अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ा है।

अतः जन सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुये 07 मार्च 2024 एवं 08 मार्च 2024 को जिला भिण्ड अन्तर्गत सभी प्रमुख मार्गो पर प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी कियाै। जिला दण्डाधिकारी संजीव श्रीवास्तव द्वारा दण्ड प्रकिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत 07 मार्च 2024 को प्रातः 6.00 बजे से दिनांक 08 मार्च 2024 को रात्रि 11.59 बजे तक जिला भिण्ड अन्तर्गत सभी प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले भारी/ बड़े वाहन (रेत-गिट्टी) की आवाजाही तथा मुख्य मार्ग की सड़क के मध्य से दोनों ओर 50-50 मीटर की सीमा तक भारी/बड़े वाहनों (रेत-गिट्टी) को अनावश्यक पार्किंग के संबंध में यह प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी किया है।कोई भी व्यक्ति जिला भिण्ड अन्तर्गत सभी प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले भारी/ बड़े वाहन (रेत-गिट्टी) की आवाजाही नहीं करेगा और न ही प्रमुख मागों में भारी/बड़े वाहनों (रत-गिट्टी) को अनावश्यक पार्किंग न तो करेगा या प्रयास करेगा अथवा प्रेरित करेगा।कोई भी व्यक्ति जिला भिण्ड अन्तर्गत सभी प्रमुख मार्गो से गुजरने वाले भारीध्बड़े वाहन (रेत-गिट्टी) की आवाजाही करके और न ही प्रमुख मार्गों में भारी / बड़े वाहनों (रेत-गिट्टी) को अनावश्यक पार्किंग करके आवागमन को अवरूद्ध करेगा और न ही प्रयास करेगा अथवा प्रेरित करेगा । यह आदेश 07 मार्च 2024 को प्रातः 6 बजे से 08 मार्च 2024 को रात्रि 11.59 बजे तक प्रभावशील होगा। पुलिस अधीक्षक भिण्ड उपरोक्तानुसार वाहनों के प्रवेश पर लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी रूप से पालन करवायेगें। इस आदेश का उल्लंघन करने की दशा में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा अन्य अधिनियमों के प्रावधानों के अंतर्गत संबंधित के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# नव उन्नति फाउंडेशन ने मनाई महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती





**व्यूरो सोनू कुमार माथुर दैनिक पुष्पांजली टुडे**

एटा नव उन्नति फाउंडेशन संस्था द्वारा मेहता पार्क स्थित आर्य समाज मंदिर में दिनांक 5 मार्च दोपहर 2ः00 बजे से स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें योगाचार्य उर्मिला आर्या के मार्गदर्शन और निर्देशन में हवन पूजन संपन्न कर मंत्रों की आहुतियां देकर स्वामी जी का स्मरण कर उनके जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला इसी श्रंखला में . संस्था की संरक्षिका बविता जैन ने बताया स्वामी जी भगवान शिव के उपासक थे एक बार उन्होंने शिवलिंग पर चूहे को प्रसाद खाते हुये देख लिया तभी से उनके मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया वह मूर्ति पूजा के विरोधी थे उन्होंने समाज में अनेकों कार्य कर नये आयाम प्रस्तुत किये । इसी श्रंखला में संस्था की अध्यक्ष विनेश जैन ने बताया कि महर्षि दयानन्द सरस्वती आधुनिक भारत के चित्तक तथा आर्य समाज के संस्थापक थे वेदों की ओर लौटो उनका प्रमुख नारा था समाज में व्याप्त अनेकों सामाजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह ,सती प्रथा , पशु नर बलि ,छुआछूत जैसी कुरीतियों का पुरजोर विरोध कर गुण कर्म स्वभाव आधारित वर्ण व्यवस्था, विधवा विवाह नारी सशक्तिकरण ,नारी के शिक्षा का अधिकार , गुरुकुल पद्धित से शिक्षा स्वदेशी आन्दोलन जैसे अनेकों समाज सुधार किये । इसके उपरान्त संस्था की सचिव श्री मती पूनम यादव ने कहा कि हमें स्वामी जी के विचारों का अनुसरण कर प्रचार प्रसार कर समाज हित में कार्य करना चाहिए तभी हमारे समाज का उत्थान होगा ,तत्पश्चाद सभी ने प्रसाद वितरण कर पुर्णयाजन किया । हवन एवं स्मरण करने वालों में प्रमुख रूप से संस्था सचिव पूनम यादव अध्यक्ष विनेश जैन वरिष्ठ समाज सेविका डॉ. निरूपमा वर्मा बविता जैन डॉ. यज्ञेश गुप्ता संस्था उपसचिव कीर्ति परमार लायन्स क्लब की अध्यक्ष सीमा वार्ष्णेय प्रतिभा यादव संगीता गुप्ता रेखा गुप्ता प्रतिभा सम्सेना सहत अनेकों महिलायें उपस्थित रहीं

# नव उन्नति फाउंडेशन द्वारा मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**व्यूरो सोनू कुमार माथुर दैनिक पुष्पांजली टुडे**

एटा नव उन्नति फाउंडेशन द्वारा मेहता पार्क स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर के हाल में प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विशेष पर नारी उत्थान से संबंधित विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेविका डॉ.निरूपमा वर्मा की गरिमामयी उपस्थित में की गई मुख्य वक्ता के रूप में पधारी डॉ. यज्ञेश गुप्ता ने बताया कि महिलायें समाज के विकास एवं तरक्की में अपनी महत्पूर्ण भूमिका निभातीं है इसलिए उनका सशक्त जागरूक होना अति आवश्यक है उनके बिना विकसित तथा समृद्धि समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती इसके साथ ही उन्होंने संस्कारों एवं



पारिवारिक विघटन के कारणों व निवारण पर भी प्रकाश डाला इसी श्रंखला में संस्था संरक्षिका श्री मती बविता जैन ने नारी विशेष पर कहा कि इस दिन को मनाने का मकसद महिला सशक्तिकरण की तरफ एक कदम महिलाओं की उन्नति और विकास को बढ़ावा के साथ उनकी उपलब्धियों के प्रति सम्मान प्रकट कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है । तत्पश्चादअध्यक्ष विनेश जैन ने कविता के माध्यम से नारी शक्ति का वर्णन कर अपने विचार प्रस्तुत किये । कार्यक्रम संयोजिका एवं संस्था सचिव श्री मती पूनम यादव ने कार्यक्रम में पधारीं सभी बहिनों का आभार व्यक्त वंदन कर पट्टका पहनाकर सम्मानित कर महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं । इसी के साथ लायंस क्लब की अध्यक्ष स्वीप आइकान सीमा वार्ष्णेय ने उनका तिलक मार्ल्यापण अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. निरूपमा वर्मा, डॉ. यज्ञेश गुप्ता , बविता जैन, कीर्ति परमार , सीमा वार्ष्णेय, प्रतिभा यादव, संगीता गुप्ता , प्रतिभा सक्सेना, रेखा गुप्ता ,पाखी एवं अनेक संगठनों की महिलायें उपस्थित रहीं।

# किसानो व व्यापारियों को चकमा देकर पैसे चुराने वाली पारदी गैंग का पर्दाफाश

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**विगत 03 माह से खरगोन व अन्य जिले की पुलिस कर रही थी इनकी तलाश**

**शातिर चोर दिन दहाड़े करते थे किसानों व व्यापारियों की मेहनत की कमाई की चोरी**

**पकड़ मे आये गैंग के सदस्य पारदी समुदाय के**

**खाली पड़ी भूमि पर अस्थाई डेरा लगाकर आसपास के क्षेत्र मे करते थे वारदात**

**व्यापारी ओर किसानों का ध्यान भटकाकर चुरा लेते थे पैसे**

**गैंग के 06 पुरुष सदस्य सहित 03 महिलाये आरोपी भी पुलिस हिरासत मे**

**पकड़ मे आये पारदी गैंग के सदस्य इंदौर के बेटमा और उज्जैन के भेरूगड़ थाना क्षेत्र के निवासी**

**गैंग से चुराए हुए सोने के आभूषण 44 ग्राम, चांदी के आभूषण 9 किलो 803 ग्राम एवं कुल नगदी 282800/- सहित एक मोटर सायकल भी जप्त**

**कुल जप्त मशरुका की अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख रुपये**

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री अनुराग द्वारा जिला खरगोन में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लागाने एवं अज्ञात आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) खरगोन श्री मनोहर बारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) खरगोन तरुणेन्द्रसिंह बघेल के द्वारा समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारीयों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे खरगोन पुलिस टीम व्दारा किसानों एवं व्यापारियों के रुपये चुराने वाली पारदी गैंग को पकड़ने मे पाई सफलता ।

**चोरी की घटनाओ का संक्षिप्त विवरण**-घटना नंबर 01-दिनांक 06.12.2023 को फरियादी अमृतलाल निवासी संजय नगर झिरन्या थाना चैनपुर मे सूचना दी कि उसकी गल्ला दुकान रतनपुर रोड झिरन्या से कुल रुपये 2,10,000/- रुपये (दो लाख दस हजार रुपये), अजय पिता पूनमचंद तंवर जाति लोढ उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम मारुगढ की पिकअप गाड़ी में रखे नगदी 1,70,000/- (एक लाख सत्तर हजारु रुपये) दो अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गये एवं नरेन्द्र पिता अनोखीलाल जायसवाल निवासी झिरन्या की गल्ला दुकान से रुपये चोरी करने का प्रयास किया गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 433/2023 धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है ।

**घटना नंबर 02** -दिनांक 12.12.2023 को फरियादी संयज यादव निवासी बेहरामपुर टेमा थाना गोगांवा ने थाना कोतवाली पर रिपोर्ट किया की वह मोटर सायकल से अपने घर जा रहा था । खण्डवा रोड़ पर किराना सामान लेने के लिये रुका तब रुपये की थैली मोटर सायकल के हेन्डल पर टांग दी थी। किराना सामान लेकर वापस आकर देखा तो रुपये की थैली मोटर सायकल के हेन्डल पर नही दिखी। 01 लाख 52 हजार रुपये रखे थैली को कोई अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया है। थाने पर रिपोर्ट अपराध क्रमांक 701/23 धारा 379 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया ।

**घटना नंबर 03** -दिनांक 20.02.2024 को थाना भीकनगाँव पर फरियादी की दुकान में रखा लोहे का गल्ला कोई अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गए जिसमें करीब नगदी 5000/- रुपये एवं आवश्यक दस्तावेज थे। थाने पर अपराध क्रमांक 102/24 धारा 380 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया है ।

**घटना नंबर 04** -दिनांक 24.02.2024 को फरियादी दिनेश निवासी नारायणपुरा ने थाना मेनगांव पर बताया की उसकी सुखपुरी मे सागर ट्रेडर्स पशु आहार दुकान के काउंटर से नगदी 8000 रूपये चुराकर ले गया कोई अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गए है । उक्त घटना पर से थाना मेनगांव पर 57/24 धारा 379 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया है ।

**घटना नंबर 05**-दिनांक 01.03.24 को थाना कोतवाली खरगोन पर फरियादी ने बताया की काउंटर पर कैलाश मदन की दुकान पर 01 लाख 15 हजार रूपये नगद दे दिये, और सामान के बील को जैब मे रखने लगा बचे हुए 01 लाख 85 हजार रूपये कोई अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिए है । उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 105/24 धारा 454,380 भादवि का कायम किया जाकर अपराध विवेचना में लिया गया है ।

घटना नंबर 06-दिनांक 03.03.2024 को फरियादी योगेश पिता लक्ष्मण सोनी थाना चैनपुर पर रिपोर्ट किया की हाट बाजार में सोना चाँदी के आभुषण बेचने की दुकान लगाता हूँ । शाम को बाजार करने के बाद करीबन 05.15 बजे अपनी दुकान बन्द करके दुकान का सामान झोलों में भरकर (पैक) करके 06 झोले भरकर रख दिये थे । किसी अज्ञात बदमाशों के द्वारा मेरे 06 झोलों मे से 01 झोला जिसमे सोने एवं चांदी के आभुषण किमती लगभग 06 लाख 20 हजार रूपये के झोले में भरकर रखे थे उसी झोले को कोई अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया है । उक्त रिपोर्ट पर थाना चैनपुर पर अपराध क्रमांक 60/2024 धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया

**पुलिस कार्यवाही**-खरगोन मे हो रही लगातार उक्त चोरी की घटनाओ को गंभीरता से संज्ञान मे लेते खरगोन पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह जी द्वारा जिले के विभिन्न थाना एवं साइबर सेल, सीसीटीव्ही कंट्रोल रूम मे पदस्थ पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिन्हे उक्त घटनाओ के संबंध मे जानकारी एकत्रित करने व घटना मे शामिल संदिग्धों की पतारसी कर गिरफ्तार करने हेतु आदेशित किया गया। तब गठित पुलिस टीम द्वारा विगत कुछ महीनों से लगातार उक्त घटनाओ पर काम करते हुए मैदानी तथा तकनीकी सहायता प्राप्त की गई। घटना मे शामिल संदिग्धों के फोटो लगभग 300 से अधिक सीसीटीव्ही केमरो के फूटेजों का बारीकी से विश्लेषण कर प्राप्त किए। प्राप्त फूटेजों के आधार पर संदिग्धों की तलाश की गई एवं मुखबिरों को ड़ोटो देकर जानकारी एकत्रित करने हेतु लगाया गया। जिसके परिणामस्वरूप विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना मिली की खरगोन जिले मे हो रही लगातार बेग लिफ्टिंग की घटना मे पारदी गिरोह के सदस्य शामिल हो सकते ही जो सुनसान जगहों पर अपना अस्थाई डेरा लगाकर आसपास के क्षेत्रों मे घटनाओ को अंजाम देते है। उक्त सूचना के आधार पर पारदी गिरोह के अस्थाई डेरों की तलाश सादा वर्दी मे पुलिस टीम द्वारा लगातार की गई। किन्तु दिनांक 03-03-24 को थाना चेनपुर से सूचना प्राप्त हुई की हेलापड़ावा हाट बाजार से सुनार का आभूषणों से भरा बेग किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा लिया गया है। उक्त सूचना के आधार पर मुखबिरों को सक्रिय किया गया जिसके परिणामस्वरूप पुनः मुखबिर द्वारा सूचना मिली की हेलापडावा हाट बाजार में चोरी करने वाले कुछ व्यक्ति झुमकी घाट के उपर यात्री प्रतिक्षालय के पीछे जंगल में चुराई हुई वस्तुओं का बंटवारा कर रहे है । तब गठित विशेष पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थानों पर दबीश दी गई तो 07 पुरूष व 03 महिलाए उक्त स्थान पर दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे जिसमें से एक व्यक्ति मोटर सायकल की मदद से से भागने में सफल हो गया शेष व्यक्ति व महिलाओ को पुलिस टीम जिसमे महिला बल भी शामिल था, की मदद से पकडा व सभी से पृथक पृथक पूछताछ की गई तो सभी ने बताया की वे लोग पारदी गैंग के सदस्य ही जो पिछले कुछ दिनों से खरगोन व आसपास के जिलों मे रुपये चुराने की घटनाओ को अंजाम दे रहे है । दिनांक 03-03-24 को हेलापडावा हाट बाजार मे सुनार के आभूषणों से भरे बेग को चुराने की घटना को अंजाम उन्ही के द्वारा दिया गया है। गिरफ्त मे आये कुल 06 आरोपी पुरुष व 03 महिला आरोपी से चुराया हुआ आभूषणों का बेग व विगत माह मे खरगोन जिले मे की गई चोरीयो का माल मेमोरंडम के आधार पर पृथक से जप्त किया गया । गिरफ्तार आरोपिगणो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया जावेगा तथा जिला खरगोन व आसपास के क्षेत्रों मे की गई अन्य घटनाओ के संबंध मे जानकारी एकत्रित की जावेगी। इसके अलावा इनके निवास क्षेत्र के संबंधित थानों से पूर्व के आपराधिक रिकार्ड को प्राप्त किया जाएगा। फरार आरोपी रमाकांत उर्फ रामा की गिरफ्तारी के लगातार प्रयास किए जा रहे है जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**तरीका ए वारदात**-पकड़ मे आये गेंग के सदस्यों ने पूछताछ मे पृथक पृथक बताया की गेंग का फरार सदस्य रमाकांत उर्फ रामा पारदी अपने साथ 19-20 साल के लड़कों को मोटर सायकल से भीड़भाड़ वाले एवं गल्ला व्यापार करने वाले व किसानों को टारगेट करते थे। जिनके पास रखे रुपयों के बेग पर नजर रखते थे। तब गैंग का सदस्य रामा व्यापारी या किसान को अपनी बातों मे उलझा लेता तब साथ मे आया लड़का सभी की नजर से बचते हुए आसानी से रुपयों का बेग या बेग मे से रुपयों को निकाल लेता था। रुपये चुराने के बाद सभी सदस्य मोटर सायकल की मदद से तत्काल भाग कर अपने अस्थाई डेरों पर पहुच जाया करते थे। कुछ दिन डेरों मे रहते ओर पुनः घटना करने के लिए मोटर सायकल से हाट बाजार या मंडी व्यापारियों के क्षेत्र मे पहुच जाते थे। पकड़ मे आये पारदी गैंग के सदस्य पिछ्ले की दिनों से खंडवा जिले के छेगाँव माखन मे खाली पड़े मैदान मे आपना डेरा जमाए हुए थे।

गिरफ्तार आरोपियो के नाम -

1.रितिक पिता राजन उम्र 20 वर्ष जाति पारदी निवासी ग्राम रावत थाना बेटमा जिला इंदौर

2.बंजार सिंह पिता नैनसिंह पारदी उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम रावत थाना बेटमा जिला इंदौर

3.दिनेश उर्फ झुनु पिता भगतसिंह सिसौदिया जाति पारदी उम्र 45 साल निवासी ऐयर खेड़ी काकड़ हवाई बंगला फुटी कोटी के पास द्वारकापुरी इंदौर ।

4.राहुल उर्फ गांडी सिसौदिया पिता दिनेश उर्फ झुनु उम्र 19 साल ऐयर खेड़ी काकड़ हवाई बंगला फुटी कोटी के पास द्वारकापुरी इंदौर ।

5.गेहलोत पिता मदन पंवार उम्र 45 साल निवासी एयरवास कंडारा थाना भैरूगढ उज्जैन ।

6.चन्कु पिता गेहलोत पंवार उम्र 19 साल निवासी एयरवास कंडारा थाना भैरूगढ उज्जैन ।

7.संगीता पति झुनु उर्फ दिनेश उम्र 40 साल निवासी ऐयर खेड़ी काकड़ हवाई बंगला फुटी कोटी के पास द्वारकापुरी इंदौर ।

8.अंजली पति बंजारसिंग सोलंकी जाति पारदी उम्र 20 साल निवासी ग्राम रावत थाना बेटमा जिला इंदौर ,

9मुंगाबाई पति गेहलोत पवार जाति पारदी उम्र 35 साल निवासी एयरवास कंडारा थाना भैरूगढ उज्जैन ।

फरार आरोपी

रमाकांत उर्फ रामा पिता महिपाल सोलंकी जाति पारदी निवासी निवासी ग्राम रावत थाना बेटमा जिला इंदौर

**पुलिस टीम** -उक्त कार्यवाही में एसडीओपी खरगोन श्री रोहित लखारे, एसडीओपी भीकनगाँव श्री राकेश आर्य, थाना चेनपुर से निरीक्षक श्री नाथुसिंह रंधा, उनि करणराज सिंग जौधा, उनि फिरदौस टोप्पो, कावा.सउनि संतोष चौधरी, कावा.सउनि चन्द्रकांत महाजन, आर. 528 दिलीप, आर. 649 शंशाक, चालक आर.163 अनिल डोरिया, आर 869 हरिनारायणसिंह, आर. 1014 राहुल। थाना कसरावद से निरीक्षक श्री मंशाराम रोमड़े, उनि राजेन्द्र अवस्या, उनि पप्पू मौर्य, उनि अजय भाटिया, प्र.आर. 659 महेश मालवीय, प्र.आर. संजय यादव, आर.विक्कु गाठे, आर.अभय बघेल, आर. जितेन्द्र बघेल । थाना कोतवाली से निरीक्षक श्री बीएल मंडलोई, कावा.उप.निरी.अजय दुबे, कावा.सउनि दिलीप ठाकरे, आर. रविन्द्र जाधव, आर. दिपक सिकरवार, थाना मेनगाँव से उनि सुदर्शन कुमार, उनि रीना इक्का, प्रआर किशोर, प्र.आर. मुकेश पटेल, प्र.आर. मोहन मेढा, प्र.आर.लोकेश वास्कले, आर तंवरसिंह, सायबर सेल से उनि दीपक तलवारे, प्रआर आशीष अजनारे, आर अभिलाष, आर सचिन चौधरी, आर मगन, आर विजयेन्द्र, आर सोनू सीसीटीव्ही कंट्रोल रूम से प्रआर रवि चौहान, प्रआर भजन लाल, आर प्रदीप, आर अजय, आर सतीश पुलिस लाइन से आर दीपक तोमर, आर श्रीकृष्ण बिरला, मआर वर्षा, मआर चेतना का सराहनीय योगदान रहा ।

# दुखों का लंबा सफर तय किया है राइटर शुगफ्ता ने



कई बॉलीवुड फिल्मों की सुपरहिट कहानियों लिखने वाली राइटर शुगफ्ता रफीक की असल जिंदगी भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। शुगफ्ता रफीक बॉलीवुड की ऐसी राइटर हैं जिन्होंने अपने पैशन को फॉलो करने से पहले जिंदगी में दुखों का एक लंबा सफर तय किया है।

बचपन में परिवार का पेट पालने के लिए बार में काम किया। इसके बाद पैसों की तंगी और नौकरी के लिए दुबई में भी काम किया। लेकिन आखिरकार शुगफ्ता का जुनून और काम से मोहब्बत उन्हें मुंबई खींच लाई। आज शुगफ्ता बॉलीवुड की सबसे हिट फीमेल राइटर्स में टॉप पर गिनी जाती हैं। बॉलीवुड को दर्जन भर से ज्यादा सुपरहिट फिल्में देने वाली शुगफ्ता रफीक का जन्म 20 सितंबर 1986 को मुंबई में हुआ था। शुगफ्ता रफीक ने एक इंटरव्यू में अपनी निजी जिंदगी का पूरा खुलासा किया था। जिसमें शुगफ्ता ने बताया था कि शुगफ्ता बॉलीवुड अभिनेत्री सईदा खान की मां द्वारा गोद लीं गईं थीं। उन्हें असली मां-बाप के बारे में कोई जानकारी नहीं है। सईदा खान 60 और 70 के दशक की मशहूर हीरोइन रहीं हैं और कई फिल्मों में काम किया। सईदा खान का जीवन किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। सईदा खान को उनके पति बृज सदाना ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। शुगफ्ता बताती हैं कि मुझे घर में मेरी मां के अलावा मेरी बहन सईदा खान प्यार करती थीं। सईदा खान एक्टिंग कर घर का खर्चा चलातीं थीं। मैं काफी छोटी थी। लेकिन सईदा की शादी के बाद घर में खाने के लाले पड़ गए। मेरी मां घर चलाने के लिए कभी साड़ी तो कभी अन्य सामान बेचकर हमारा पेट भरती थी। कपड़े भी उतरन पहना करते थे। उस दौरान हमारी किसी ने भी मदद नहीं की। शुगफ्ता बतातीं हैं कि आर्थिक तंगी की वजह से मैंने 7वीं में ही पढ़ाई छोड़ दी थी। साथ ही मुझे गणित समझ नहीं आती थी। लेकिन मेरे आस-पास अंग्रेजी बोलने वाले लोग थे। जिसका मुझपर असर हुआ।

शुगफ्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी अंग्रेजी ठीक करने का फैसला लिया और घर के पास की लाइब्रेरी में जाकर किताबें पढ़ने लगीं। यहीं से शुगफ्ता को पढ़ने का शौक लगा और उन्होंने अंग्रेजी सुधार ली। मैं एक राइटर बनना चाहती थी। लेकिन कोई मुझे लेखनी के लिए मौका नहीं देता था। हालांकि मुझे डांस के लिए ऑफर आने लगे थे। इसके बाद शुगफ्ता के दोस्त ने उन्हें दुबई में नौकरी करने की सलाह दी। शुगफ्ता दुबई चलीं गईं और उन्होंने यहां बीयर बार में डांसर के तौर पर काम किया। इसके बाद गाने की दुनिया में आ गईं हालांकि यहां से शुगफ्ता रफीक ने बॉलीवुड में अपना करियर बनाने का फैसला लिया और मुंबई लौट आईं। यहां आकर शुगफ्ता ने फिल्मों की कहानियां और डायलॉग लिखने का काम शुरू कर दिया।

शुगफ्ता ने साल 2006 में 'वो लम्हे' से अपने करियर की शुरुआत की। लेकिन साल 2007 में शुगफ्ता ने फिल्म आवारापन की कहानी और डायलॉग लिखे। इमरान हाशमी स्टारर ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में सफल रही। इसके बाद शुगफ्ता का करियर भी चल निकला। आज शुगफ्ता बॉलीवुड की सबसे सुपरहिट राइटर्स में गिनी जाती हैं और अब तक 21 से ज्यादा फिल्मों की कहानियां-डायलॉग लिख चुकी हैं। बता दें कि शुगफता ने 'आशिकी-2', 'आवारापन', 'धोखा', 'राज-3', 'मर्डर-2' और 'जिस्म 2' समेत 21 से ज्यादा हिट फिल्मों के लिए कहानियां लिखी है।



# लाइम ग्रीन कलर के गाउन में सारा ने दिखाया अपना किलर लुक

सारा अली खान का शुमार हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और काबिल अदाकाराओं में किया जाता है. एक तरफ जहां लोग उनकी खूबसूरती पर मर मिटते हैं, वहीं उनकी बोल्डनेस और ग्लैम लुक के भी दीवाने हैं. सारा ने अपने फैंस को विजुअली ट्रीट किया है.सारा अली खान ने ग्रीन थाई हाई स्लिट कट ड्रेस में फोटोज शेयर किए हैं. वो लाइम ग्रीन कलर की गाउन ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं.एक्ट्रेस थाई-हाई कट ऑफ शोल्डर गाउन में बेहद बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं. जितनी हसीन वो हैं, उतना ही मस्त उनका अंदाज है.एक्ट्रेस ने लेटेस्ट फोटोशूट में मिनिमम मेकअप, बेहद स्टाइलिश ईयररिंग्स के साथ अपने लुक को पूरा किया है. देखने वालों की नजरें उन पर टिक गई हैं.सारा अली खान स्टाइलिश क्वीन कही जाती हैं. उनका स्टाइलिश लुक देखकर हर किसी की आंखें खुली की खुली की खुली रह गई. उनका जादू फैंस के सर चढ़कर बोल रहा है.फोटोशूट के दौरान सारा के फेस पर कमाल का ग्लो नजर आ रहा है. वो कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करके दिलों का करार छीन रही हैं. फैंस को उनकी तस्वीरें बेहद पसंद आ रही हैं.सारा अली खान जल्द ही फिल्म मर्डर मुबारक में नजर आएंगी. इसमें पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, डिंपल कपाडिया, करिश्मा कपूर और टिस्का चोपड़ा उनके साथ स्क्रीन शेयर करेंगी. एक्ट्रेस की ऐ वतन मेरे वतन और मेट्रो... इन दिनो भी रिलीज के लिए तैयार है.



# करण जौहर के कारण दिशा पटानी बनी अभिनेत्री

सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पटानी और राशि खन्ना स्टारर योद्धा इस साल की बहुप्रतिक्षित फिल्मों में से एक है। इस हार्ड कोर एशन थ्रिलर फिल्म को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से योद्धा को दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। फिल्म का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है, फिलहाल फिल्म की स्टारकास्ट इसके प्रमोशन में जुटी हुई है। इस दौरान एक साक्षात्कार में फिल्म की मुख्य कलाकार दिशा पटानी ने अपने अभिनेत्री बनने के सफर को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया। दरअसल, मेकर्स ने गुरुवार को फिल्म का ट्रेलर जारी किया। इस दौरान फिल्म की पूरी टीम और मेकर्स ने इसमें हिस्सा लिया, जहां पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए दिशा पटानी ने अपने अभिनेत्री बनने के सफर को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया। दिशा ने कहा, जब मैं अठारह साल की थी, तभी करण जौहर ने उन्हें देखा था और उन्हें विश्वास दिलाया था कि मैं एक अभिनेत्री बन सकती हूं। दिशा ने आगे कहा, अगर मैं अभिनेत्री हूं, तो इसका एक यह भी है, जब मैं मॉडलिंग कर रही थी तो उसी दौरान करण ने मुझे देखा था। तब मैं सिर्फ 18 साल की थी। मुझे लगता है कि तब अगर करण ने मुझे पर विश्वास नहीं दिखाया होता तो शायद मैं आज यहां नहीं होती। इस दौरान दिशा ने नेपोटिज्म की ओर इशारा करते हुए कहा, मैं इंडस्ट्री से बाहर की हूं, लेकिन मुझे इसका कभी एहसास नहीं हुआ। मुझे वे मौके मिले, जो मैं चाहती थी। करण ने मुझे योद्धा में जो मौका दिया वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

# भंसाली जैसा कोई और नहीं : ऋचा चड्ढा



बालीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा की अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार की घोषणा की गई थी। एक्ट्रेस ने भंसाली के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए कहा, संजय लीला भंसाली जैसा कोई और नहीं है, जो आपको 30 किलो के कॉस्ट्यूम में 8 राउंड लगवा सकता है। क्लोज-अप शॉट के लिए आपकी बाईं आंख से आंसू निकलवा सकता है। जब तक आप संजय लीला भंसाली के साथ काम नहीं करेंगे तब तक आपको अपनी असली क्षमता का पता नहीं चलेगा। अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार से भंसाली का ओटीटी डेब्यू होगा। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी हैं। यह सीरीज 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता की पड़ताल करती है। नेटफिलक्स के स्लेट इवेंट में एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली की जमकर प्रशंसा की।

# विश्वनाथ की भक्ति में लीन दिखीं एक्ट्रेस तमन्ना



हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचीं। इस अवसर पर कुछ लेटेस्ट तस्वीरों को तमन्ना ने इंस्टा अकाउंट पर शेयर किया है। तस्वीरों में एक्ट्रेस विश्वनाथ की भक्ति में लीन दिखीं। गले में हार, माथे पर टीका लगाए तमन्ना बेहद ही प्यारी लग रही हैं। इन फोटो में आप देख सकते हैं कि वह वाराणसी के काशी विश्ननाथ मंदिर परिसर में नजर आ रही हैं। बनारस गंगा घाट पर बैठकर साउथ अदाकार सुहाने मौसम का आनंद भी लेती नजर आ रही हैं। अगली फोटो में तमन्ना भगवान शिव की ज्योर्तिलिंग को स्पर्श करती हुईं दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों के कैप्शन में उन्होंने हर हर महादेव भी लिखा है। फैंस तमन्ना की इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

# आर्टिकल 370 भी बनी बड़ी हिट

आदित्य धर के प्रोडक्शन में बनी आर्टिकल 370 भी बड़ी हिट बन गई है। शुक्रवार को सस्ते टिकट दामों के साथ आई आर्टिकल 370 ने दमदार ओपनिंग कलेक्शन के साथ बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत की। यामी गौतम के शानदार काम से सजी इस फिल्म को पहले दिन से ही क्रिटिक्स की तारीफ और जनता का पॉजिटिव रिस्पॉन्स जमकर मिला है। थिएटर्स में यामी की फिल्म ने अब एक हफ्ता पूरा कर लिया है और दमदार कमाई के साथ दूसरे हफ्ते की शुरुआत करने जा रही है। यामी की फिल्म को चारों तरफ से मिल रही तारीफों का खूब फायदा मिला और पहले वीकेंड में आर्टिकल 370 ने बहुत दमदार कमाई की।

अपने पहले वीकेंड में 25 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन करके आई ये फिल्म सोमवार को भी टिकने में कामयाब रही। वर्किंग डेज में भी बॉक्स ऑफिस पर इसकी रफ्तार दमदार बनी रही और सोमवार से बुधवार तक फिल्म ने रोजाना 3 करोड़ रुपये से ज्यादा कलेक्शन करना जारी रखा। गुरुवार को भी आर्टिकल 370 ने अपना ये रूटीन बरकरार रखा है। सातवें दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 3.07 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही अब पहले हफ्ते में फिल्म का नेट इंडिया कलेक्शन 38.82 करोड़ रुपये हो गया है। बता दें कि उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक जैसी धमाकेदार हिट पफिल्म भी आदित्य धर के प्रोडक्शन में ही बनी थी।




# जॉली एलएलबी-3 में साथ दिखाई देंगे अक्षय और अरशद वारसी



वेलकम टू जंगल' और 'बड़े मियां छोटे मियां' के बाद अक्षय कुमार एक और फिल्म से धमाका करने को तैयार हैं। उनकी आने वाली फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' है। जिसमें वह धमाल करने को तैयार हैं। फिल्म में उनके साथ अरशद वारसी भी हैं। जॉली एलएलबी-3 के अलावा फिल्म 'वेलकम टू जंगल' में भी अरशद अक्षय संग स्क्रीन स्पेश शेयर करने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन डायरेक्टर सुभाष कपूर करने वाले हैं। इन्हीं सब के बीच शूटिंग और रिलीज डेट की जानकारी भी सामने आ गई है। ये फिल्म 3 मई 2024 में फ्लोर पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सूत्र के मुताबिक फिल्म में अक्षय और अरशद वारसी दोनों साथ नजर आएंगे। बता दें कि फिल्म के पहले भाग में अरशद वारसी थे और जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार नजर आए थे। अब तीसरे भाग में दोनों ने हाथ मिलाया है। दोनों स्टार्स ने जॉली एलएलबी 3 के लिए मई से अपनी तारीखें बुक कर दी हैं। दोनों साथ में काम शुरू करने के लिए एक्साइटेड भी हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि वेलकम टू द जंगल का शेड्यूल पूरा हो चुका है, टीम 9 मार्च से दूसरे प्रोजेक्ट में एकजुट होगी। इसके बाद अक्षय और अरशद की जोड़ी जॉली एलएलबी 3 साथ आएएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि आने वाली ये इस फिल्म की कहानी बाकि दोनों पार्ट से एकदम अलग होगी। इसके साथ ही यह काफी बड़ी और ज्यादा मजेदार होगी है। फिल्म की शूटिंग मुंबई और राजस्थान पर की जाएगी।

# फिल्म लापता लेडीज ने दूसरे दिन लगाई ऊंची छलांग




फिल्म लापता लेडीज की कमाई दूसरे दिन 2.35 करोड़ से ऊपर पहुंच गई है। सुपरस्टार आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'लापता लेडीज' शुक्रवार 1 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस मूवी को क्रिटिक्स से अच्छे रिव्यूज मिले हैं। 'लापता लेडीज' ने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे दिन इसके कलेक्शन में जबरदस्त उछाल आया है। जबकि 'लापता लेडीज' के साथ रिलीज हुई वरुण तेज की फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' भी खूब कमाई कर रही है। बता दें ?कि लापता लेडीज' को दर्शकों से खूब प्यार मिल रहा है। फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। ओपन डे पर 'लापता लेडीज' ने भारत में 75 लाख रुपये का बिजनेस किया था। वहीं, दूसरे दिन फिल्म की कमाई में 100 फीसदी से ज्यादा उछाल देखने को मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'लापता लेडीज' ने शनिवार को भारत में 1.60 करोड़ का बिजनेस किया है। हालांकि, ये शुरुआती कमाई है। ऑफिशियल डेटा आने के बाद कलेक्शन के आंकड़े में थोड़ा-बहुत बदलाव हो सकता है। भारत में 'लापता लेडीज' की दो दिन की कमाई 2.35 करोड़ हो चुकी है। इधर साउथ स्टार वरुण तेज की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' के दूसरे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। पहले दिन इस फिल्म ने 1.5 करोड़ की कमाई की थी। वहीं, सैकनिल्क के अनुसार, वरुण तेज की फिल्म ने दूसरे दिन यानी शनिवार को देशभर में 2.25 करोड़ की कमाई कर ली है। इस तरह फिल्म दो दिन में 3.75 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है। गौरतलब है कि किरण राव ने फिल्म 'लापता लेडीज' का निर्देशन किया है। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म में ग्रामीण इलाके की कहानी है।



# श्वेता ने एथनिक लुक की एक झलक की शेयर

अपने फैंस के लिए एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने एथनिक लुक की एक झलक शेयर की। कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। श्वेता अक्सर अपनी प्रोफेशनल और निजी लाइफ के बारे में चीजें शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 52 लाख फॉलोअर्स हैं। नए फोटोशूट में श्वेता ने गुलाबी रंग का अनारकली सेट पहना हुआ है, जिसमें वह बेहद सूबसूरत लग रही हैं। भारी सुनहरे कढ़ाई वाले सूट पर मैचिंग दुपट्टा और भी खिल रहा है। मेकअप में वह पूरी तरह से आकर्षक लग रही हैं। ज्वैलरी के लिए उन्होंने भारी झुमके ही चुने। एक प्रशंसक ने पोस्ट पर कहा, आपकी सुंदरता की कोई हद नहीं है। दूसरे ने कहा, दिन-ब-दिन जवान होती जा रही हैं। श्वेता को पंजाबी फिल्म मित्रां दा ना चलदा में देखा गया था।

रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में वह विक्रम (विवेक ओबेरॉय) की पत्नी श्रुति बख्शी की भूमिका में हैं। इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने प्रशंसकों के लिए फोटोशूट करवाया है।

# नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?



आशीष वशिष्ठ

**इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी के चेहरे के सामने में विपक्ष की बिना चेहरे वाली एकजुटता जरूरी कमजोर नजर आएगी। लेकिन, इससे उसके असफल होने की गारंटी नहीं है। यदि विपक्ष सत्ता विरोधी लहर को भुनाने में कामयाब होता है और सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने में सफल रहता है तो फिर उसे फायदा होगा। लेकिन, यदि सत्ता विरोधी लहर नजर नहीं आती है तो फिर मोदी के चेहरे का फायदा फिर भाजपा को मिलेगा।**

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा।

भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं।

इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, 'आवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है।' खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं।



ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है।

इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीष कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया।

नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याषियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी षर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेष दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है।

देष की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। जनता को पता है कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जैसे ऊर्जावान और निस्वार्थ व्यक्ति है, जो अहर्निशं देष और देषवासियों के कल्याण और विकास के बारे में सोचता है। और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांष नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है।

विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देष को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं। वहीं पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल की रणनीति तय कर रहे हैं। पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है।

पिछले वर्ष पांच राज्यों के चुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी।देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलांयस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा। कांग्रेस तो अपना स्तर गिराकर समझौते और गठबंधन करने से भी परहेज नहीं कर रही है। लेकिन अहम सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के छवि, कद और नेतृत्व के सामने क्या विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी?

इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी के चेहरे के सामने में विपक्ष की बिना चेहरे वाली एकजुटता जरूरी कमजोर नजर आएगी। लेकिन, इससे उसके असफल होने की गारंटी नहीं है। यदि विपक्ष सत्ता विरोधी लहर को भुनाने में कामयाब होता है और सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने में सफल रहता है तो फिर उसे फायदा होगा। लेकिन, यदि सत्ता विरोधी लहर नजर नहीं आती है तो फिर मोदी के चेहरे का फायदा फिर भाजपा को मिलेगा।

## संपादकीय

### शहबाज शरीफ को विवशताओं का ताज

शहबाज शरीफ ने दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की कमान संभाल ली है। इस बार सही मायनों में उनका ताज कांटों का है। इसलिए कि एक तो पूरा चुनाव ही विवादास्पद रहा है, तिस पर उसमें सेना का (प्रत्यक्ष?) सहयोग रहा है। अमेरिका इसी बिना पर शरीफ सरकार को मान्यता अटकाने पर अड़ा हुआ था, पर उसके राष्ट्रपति नहीं माने। दूसरे, शहबाज एक परस्पर विरोधी दलों के गठबंधनों में समझौते के तहत चुने गए प्रधानमंत्री हैं। इसके तहत, गठबंधन की समर्थक और दूसरी बड़ी पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता और 11 साल की सजा काटे आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति बनाया जाना है। यह चुनाव जल्द ही होना है। तो इस तरह से शहबाज के दोनों हाथ पहले से ही बांध कर कुर्सी पर बिठाया गया है। माना जाता है कि इन्हीं स्थितियों में नवाज शरीफ नेतृत्व करने से पीछे हटे हैं। वे पाकिस्तान के लिए कड़े फैसले लेने लायक बहुमत से हासिल एक खुला मैदान चाहते थे, जो नहीं मिला है। दूसरे, सेना की सेना और गठबंधन-दलों की वे स्वाभाविक पसंद नहीं थे। शहबाज सेना के आगे मुंह नहीं खोलने और साझीदार दलों के लिए मुफीद समझे गए। इस वजह से वे 'अनिच्छुक' होते भी बड़े भाई से बाजी मार ले गए। पर पाकिस्तान की अस्थिर आंतरिक स्थितियां, भयावह वित्तीय स्थितियां और धराशायी क्षेत्रीय-अंतरराष्ट्रीय साख, वस्तुओं के आसमान छूते दामों से लोगों को मार डालने वाली महंगाई को वस्तुओं की आपूर्ति से पाटने की चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। वहीं सदन और उसके बाहर इमरान खान का तगड़ा विपक्ष उन्हें आराम से बैठने देने के मूड में नहीं है। वे दैनंदिनी स्तर पर विवशताओं से घिरे हैं प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें पाकिस्तान को एक विफल देश से बाहर निकालने का कर्त्तव्य है। पर इसकी इजाजत के लिए उन्हें सेना को खुश करने वाली भारत विरोधी समेत तमाम बातें करनी हैं और वैसी परिस्थितियां निर्मित करनी हैं तो गठबंधन की कड़ी परीक्षा लेने वाले धर्म का भी निर्वाह करना है। इसलिए उन्हें भारत से भिड़ने और कठमुल्लेपन के पोषण की बात रोजाना स्तर पर करनी होगी जबकि उन्हें यथाशीघ्र पाकिस्तान को एक सामान्य स्थिति की ओर ले जाना चाहिए। यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे देश के ऐतिहासिक सामाजिक और आर्थिक संकटों से निपटने का प्रयास करते समय बढ़ती राजनीतिक खाई को पाटें। शहबाज को सेना या गठबंधन इसकी छूट कहां तक देगा, यह समय बताएगा। फिलहाल, उनके नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।



## चिंतन-मनन

### सुखी जीवन की राह

एक राजा हमेशा तनाव में रहता था। एक दिन उससे मिलने एक विचारक आया। उसने राजा से उसकी परेशानी पूछी तो वह बोला - मैं एक सफलतम राजा बनना चाहता हूं, जिसे प्रजा का हर व्यक्ति पसंद करे। मैंने अब तक अनेक सफल राजाओं के विषय में पढ़ा और उनकी नीतियों का अनुसरण किया, किंतु मुझे वैसी सफलता नहीं मिली। लाख प्रयासों के बावजूद मैं एक अच्छा राजा नहीं बन पा रहा हूं।

राजा की बात सुनकर विचारक ने कहा- जब भी कोई व्यक्ति अपनी प्रकृति के विपरीत कोई काम करता है, तो यही होता है। राजा ने हैरानी जताते हुए कहा - मैंने अपनी प्रकृति के विपरीत क्या काम किया? विचारक बोला - तुम्हें बाकी लोगों पर हुक्म चलाने का अधिकार प्रकृति से नहीं मिला है। तुम जब बाकी लोगों की तरह साधारण जीवन बिताओगे, तभी तुम्हें आनंद मिलेगा। जंगल में रहने वाले शेर की जान उसकी खाल की वजह से हमेशा खतरे में रहती है, क्योंकि वह बहुत कीमती होती है।

इसी वजह से वह रात में शिकार पर निकलता है, इस भय से कि सुंदर खाल के कारण उसे कोई मार न डाले। शेर तो अपनी खाल को नहीं त्याग सकता, किंतु तुम अपनी सफलता के लिए स्वयं को राजा मानना छोड़ सकते हो। जब तक स्वयं को राजा मानते रहोगे, दुख ही पाओगे। राजा को विचारक की बात जंच गई और उस दिन से वह सुखी हो गया। दरअसल अपेक्षा दुख का कारण है। इसलिए किसी से कोई अपेक्षा न रखें और अपने कर्म करते हुए सहज जीवन जिएं तो निर्मल आनंद की अनुभूति सुलभ हो जाती है।

# राजस्थान भाजपा में उठने लगे बगावत के स्वर



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिये 15 सीटो पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। उसके बाद चूरू, बांसवाड़ा-डूंगरपुर जैसी कई सीटों पर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं। आदिवासी बहुल वागड़ क्षेत्र की बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने कांग्रेस से दलबदल कर भाजपा में आए विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय को चुनावी मैदान में उतारा है। इसके बाद उनके खिलाफ खुलकर विरोध होने लगा हैं। बांसवाड़ा से कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया ने कहा है कि मालवीय ने 40 साल कांग्रेस का खाया, गरीबों का गला दबा के खाया। अब चाहे विधानसभा चुनाव लड़े या लोकसभा का जनता बख्शेगी नहीं। उन्होंने मालवीय पर 15 हजार करोड़ रूपयों के भ्रष्टाचार करने के आरोप भी लगाए हैं।

बांसवाड़ा में रविवार को विट्ठलदेव मंदिर परिसर में एक मीटिंग के दौरान मंत्री रहे अर्जुन सिंह बामनिया ने पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय का नाम लेकर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होने कहा मालवीय 5 बार जिला प्रमुख, 4 बार विधायक, 2 बार मंत्री रहे। कुछ लोग कह रहे हैं कि 15 हजार करोड़ का घपला किया है इसलिए भाजपा में जाना ही पड़ा। कोई चिंता करने की बात नहीं 15 हजार करोड़ खाने के बाद खुद को बचाने के लिए भाजपा में गए तो भी ठीक या फिर लालच से गए तो भी ठीक। लेकिन बांसवाड़ा और बागीदौरा की जनता महेंद्रजीत मालवीय को बख्शेगी नहीं। आज हम सब विट्ठलदेव से कसम खाकर जाएं कि महेंद्र जीत सिंह मालवीय को घर से निकालना है।



इसके साथ ही बांसवाड़ा-डूंगरपुर से भाजपा टिकट की दावेदारी कर रहे भाजपा नेता हकरू मईडा ने भी महेंद्रजीत मालवीय पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होने कहा हम 40 साल मालवीय के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे। उनके भ्रष्टाचार के मामले उठाए। जिसके खिलाफ ईडी की जांच होनी चाहिए थी उसे पार्टी ने टिकट दे दिया। पार्टी ने टिकट दिया है तो पार्टी जाने। जिसको जेल जाना था उसे पार्टी ने सम्मान दिया। अब हम कुछ नहीं बोलना चाहते।

महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने कहा मैंने ऐसा कुछ नहीं किया कि ईडी मेरे घर आए। फिर भी आती है तो मैं जांच के लिए तैयार हूं। आरोप चलते रहते हैं। जहां तक अर्जुन बामनिया के आरोप हैं तो मैं पूछना चाहता हूं कि पंचायती राज के बारे में बामनिया क्या जानते हैं। उनको यह नहीं पता कि भारत सरकार से राज्य सरकार से पैसा निकलकर सीधा पंचायत के खाते में जाता है। वहां कलेक्टर कुछ नहीं कर सकता न ही मंत्री या मुख्यमंत्री। 15 हजार करोड़ तो कभी बांसवाड़ा नहीं आया। अगर 40 साल से भ्रष्टाचार हो रहा है तो वे भी 4 बार विधायक रहे हैं। उनको भी तो कुछ न कुछ मिला होगा। वे भी तो शरीक होंगे।

उन्होंने कहा मैं शीर्ष नेतृत्व को आभार व्यक्त करता हूं। मुझ पर विश्वास कर प्रत्याशी बनाया। निश्चित ही हम जीत चुके हैं। 400 प्लस सीट लाकर प्रधानमंत्री मोदी बनेंगे। बांसवाड़ा में रेल लाएंगे। मानगढ को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कराएंगे, निम्बाहेड़ा से दाहोद नेशनल हाईवे बनाएंगे। साथ ही टीएसपी के लिए एक मास्टर प्लान बनाएंगे। उन्होंने भारतीय ट्राइबल पार्टी के लिए कहा कि यह पार्टी अपने आप खत्म हो जाएगी।

चूरू सीट पर भाजपा ने लगातार दो बार के सांसद राहुल कस्वां का टिकट काटकर पैरा आलम्पिक खिलाड़ी देवेन्द्र झाझड़िया को प्रत्याशी बनाया हैं। टिकट कटने पर कस्वां ने नाराजगी जाहिर करते हुये अपने समर्थकों की मिटिंग बुलाने की बात कही हैं। राहुल कस्वां भाजपा से बगावत कर चुनाव लड़ेगें। उनके पिता रामसिंह कस्वां भी चूरू से चार बार सांसद रह चुके हैं। राहुल कस्वां का टिकट राजेन्द्र राठौड़ के विरोध के चलते काटा गया हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में सात बार के विधायक राठौड़ तारानगर सीट पर हार गये थे तब उन्होने कस्वां को अपनी हार का जिम्मेदार बताया था। तभी से कस्वां की टिकट कटने की बात कही जा रही थी।

चर्चा है कि कस्वां कांग्रेस नेताओं के सम्पर्क में हैं तथा शिघ्र ही कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। कस्वां परिवार का चूरू जिले की राजनीति में खासा असर है। उनके दादा, पिता, माता विधायक रह चुके हैं। उनके पिता ने 2004 में कांग्रेस के दिग्गज नेता बलराम जाखड़ को लोकसभा चुनाव में हरा दिया था। राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनखड़ के दामाद हैं। यदि राहुल कस्वां बगावत करता है तो भाजपा का राजस्थान में लगातार तीसरी बार 25 सीट जीतने का सपना शायद ही पूरा हो सकेगा।

# आवारा पशु : छोड़ने वालों पर भी कसें नकेल



ऋतुपर्ण दवे



आवारा जानवरों के एकाएक हमलों से राहगीरों की होने वाली मौतें, जबरदस्त चिंता का सबब बनी हुई हैं। कम से कम भारत में आवारा जानवरों को लेकर न तो कोई सख्ती है और न ही लोग खुद ही जागरूक। ऐसे में भरे बाजार, बीच सड़क या हाइवे पर कब कौन सा गोवंश एकाएक आ टकराए या आजू-बाजू से हमला कर दे जिसमें जान तक चली जाए, पता नहीं। सबसे ज्यादा हैरानी और परेशानी तब होती है, जब बेहद शांत और अपनी मस्त चाल में चलने वाला अमूमन अहिंसक माना जाने वाला पशु भी एकाएक बिजली की रफ्तार से पलक झपकते, आक्रामक हो जाए और टूट पड़े।

निश्चित रूप से इसे रोकना होगा। आवारा कुत्तों काटने से हर रोज देश भर में सैकड़ों औसतन घायल होते हैं। लेकिन सवाल वही कि कैसे रु के? ऐसी दुर्घटनाओं का सटीक आंकड़ा नहीं है। कुछ बीमा प्रदाता कंपनियों के अपने आंकड़े जरूर हैं। अनेकों रपटों से साफ है कि देश में सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं महानगरों में होती हैं। लेकिन यह भी सच है कि शहर, कस्बे, गांव हर कहीं ऐसी घटनाएं अब आम हैं।

सर्वाधिक घटनाएं कुत्तों के काटने से होती हैं लेकिन गोवंश के अलावा कुछ जंगली पशुओं के भी एकाएक हमले बढ़े हैं। बीच आबादी में लगातार ऐसी दुर्घटनाएं बड़ी चिंता का सबब हैं। आवारा गोवंश और कुत्तों के बेहद खतरनाक होने का सच यही है कि कई बार पेट नहीं भरने से इनकी मानसिक स्थितियां आपे से बाहर हो जाती हैं। इसके साथ बदलते पर्यावरणीय हालातों पर भी कई शोध सामने आए हैं, जिनसे पशुओं के तंत्रिका तंत्र और मनोदशा पर बुरा प्रभाव पड़ा है। देश का शायद ही कोई प्रान्त, जिला, कस्बा या गांव बचा हो, जहां कभी किसी आवारा जानवर के हमले से दुर्घटना न हुई हो। बीच आबादी, हिंसक होते आवारा पशुओं के बर्ताव में यह तब्दीली क्यों और कैसे आई, इस पर जानकर भी अंजान रहना बड़ी वजह है। कभी, कहीं कोई घटना घट जाती है तो दो-चार दिन चर्चा और विरोध होता है उसके बाद लोग धीरे-धीरे भूल जाते हैं।

ऐसी घटनाओं को न रोक पाना स्थानीय निकायों की विफलता है। पर्याप्त फण्ड और कैटल कैचिंग दस्ता होने के बावजूद दुर्घटनाएं होना और नहीं जागना और भी दुखद है। सबको पता है कि बरसात के मौसम में क्या गांव, क्या शहर, क्या महानगर हर कहीं बेखौफ होकर आवारा पशु उसमें भी विशेषकर गोवंश सड़कों पर आराम फरमाते नजर आते हैं। इससे सड़क से गुजर रहे वाहनों को जितनी परेशानी होती है, उतनी ही उन सड़कों के किनारे रहने या आने-जानेवाले स्थानीय रहवासियों को भी। कई बार सड़कों पर कब्जा जमाए बैठे पशु एकाएक बिदक जाते हैं, जिससे बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं।

चाहे बीते दिनों का वह वायरल वीडियो हो जिसमें एक स्कूटी सवार को बेहद शांत भैंस ने न केवल एकाएक सींग में फंसा कर पटक दिया बल्कि रोकने वालों को भी खदेड़ा। या फिर देश भर में गोवंश के आकस्मिक हमलों से हुई दुर्घटनाओं और मौतों की विचलित करती सच्चाइयां। सब चिंताजनक हैं। ऐसी घटनाएं महानगर दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकता, अहमदाबाद, लखनऊ, बनारस, भोपाल, भुवनेर हों या देश के छोटे-मझोले नगर, कस्बे गांव हर कहीं, एकदम आम हैं। आंकड़े बताते हैं कि औसतन तीन लोगों की मौत हर रोज आवारा पशुओं द्वारा भीड़-भाड़ वाले इलाकों में हमलों से हो रही है। वहीं आवारा कुत्तों के काटने की वार्षिक संख्या लाखों में है।

सोचिए, सड़कों पर बैठे ऐसे आवारा पशुओं के झुण्ड आबादी वाले इलाकों में ही क्यों नजर आते हैं? यकीनन ये बदकिस्मत जानवर जिन्हें हम आवारा कहते हैं, वास्तव में आवारा नहीं होते। सच्चाई यह है कि इनमें ज्यादातर बूढ़े या दूध नहीं देने वाले गोवंश होते हैं, जिन्हें भूख मिटाने, आवारा छोड़ दिया जाता है। इनके मालिक ऐसे अनुपयोगी पशुओं पर खर्च न कर सड़क या हाट-बाजार में अपने रहमों करम पर जिन्दा रहने के लिए छोड़ देते हैं। ऐसे पशु पालक या मालिक, थोड़ी सी कोशिशों से चिन्हित किए जा सकते हैं। इनकी ऐसी लापरवाही के लिए जिम्मेदारी और प्रभावी कानून नहीं होने से इनमें कोई खौफ भी नहीं होता। कई बार स्थानीय स्तर पर अपने प्रभाव का भी ऐसे पशु पालक दुरु पयोग करते हैं।

यह सब रोकने के लिए भारत भूमि पर, एक सख्त राष्ट्रीय कानून की दरकार है। इसमें व्यवस्थाएं हो कि कम से कम दुधारू पशुओं सहित सभी पालतू पशुओं के खरीदने-बेचने और उनके जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य हो। पशुओं के कानों पर लगे पीले टैग को चिपयुक्त या क्यूआर कोड बनाया जाए जिसमें उसके पालक का संपूर्ण विवरण और पशु के स्वास्थ्य तथा उसकी दशा आदि दर्ज हो। इसके लिए स्थानीय निकाय व पशु चिकित्सा विभाग की सामूहिक जिम्मेदार सुनिश्चित की जाए। पशु में लगी टैगिंग या चिप निकाली नहीं जा सके और ऊपर से ही अपडेट हो। यदि किसी कारण से कोई अपने पशु को पालने में असमर्थ है तो उसे किसी पास की गौशाला या स्वयंसेवी संगठनों को सौंपने की व्यवस्था की जाए। यदि पशुपालन कमाने का जरिया हो सकता है तो उसे आवारा छोड़ना भी दण्डनीय होना ही चाहिए। निश्चित रूप से इससे बड़ा बदलाव आएगा।

## आईडीएफ ने की हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भारी गोलाबारी

तेल अवीव । आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भारी गोलाबारी की है। जारी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दक्षिण लेबनान और वेस्ट बैंक में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर यह कार्रवाई की है। ताजा जानकारी के अनुसार आईडीएफ के लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के अयता अस शब और कफ़र किला इलाकों के साथ-साथ वेस्ट बैंक में हिजबुल्लाह बुनियादी ढांचे पर गोलाबारी की है। इजराइली हमला हिजबुल्लाह द्वारा कथित तौर पर रविवार को मेटुला, मलकिया और गजर में रॉकेट हमलों के बाद आया है। इजरायली खुफिया विभाग ने कहा है कि उसे आने वाले दिनों में वेस्ट बैंक में तनाव बढ़ने की काफी आशंका है। उसने वेस्ट बैंक के सीमावर्ती इलाकों में सैनिकों की तैनाती भी बढ़ा दी है। वहीं हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरुल्लाह ने भी हाल ही में टेलीविजन पर अपने संबोधन में गाजा की स्थिति और फिलिस्तीनियों की दुर्दशा पर इजराइल की जम कर आलोचना की थी। इधर इजराइल ने हिजबुल्लाह को भी चेतावनी दी है और सार्वजनिक रूप से कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो इजराइल युद्ध के लिए भी तैयार है।

## हैती सरकार ने आपातकाल और रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाने की घोषणा

पोर्टऔ प्रिंस । हैती सरकार ने सप्ताहांत में हुई हिंसा के बाद सड़कों पर नियंत्रण फिर से हासिल करने के मकसद से देर रात आपातकाल और रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाने की घोषणा की। हिंसा के दौरान सशस्त्र गिरोह के सदस्यों ने देश की दो सबसे बड़ी जेलों पर धावा बोल दिया था। देश में 72 घंटे का आपातकाल तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सरकार ने कहा कि यह उन हत्यारों, अपहरणकर्ताओं और अन्य हिंसक अपराधियों को खोज निकालने के लिए लागू किया जाएगा जो जेल से फरार हो गए हैं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में काम कर रहे वित्त मंत्री पैट्रिक बायोवर्ट ने कहा, पुलिस को कर्फ्यू लागू करने और सभी अपराधियों को पकड़ने के लिए सभी कानूनी साधनों का इस्तेमाल करने का आदेश है।'' प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने बढ़ते शक्तिशाली अपराध समूहों के साथ संघर्ष में स्थिरता लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र समर्थित सुरक्षा बल की तैनाती के वास्ते समर्थन जुटाने की कोशिश में पिछले सप्ताह विदेश यात्रा की थी। हैती में गिरोहों द्वारा पोर्ट ऑ प्रिंस में सरकारी संस्थानों पर हमले बढ़ने के बीच गत सप्ताहांत हुई हिंसा में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई है, जिसमें चार पुलिस अधिकारी हैं।

## 'स्पेसएक्स' के फाल्कन रॉकेट से चार अंतरिक्ष यात्री रवाना

वाशिंगटन । चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए जहां वे छह महीने के अपने प्रवास के दौरान दो नए रॉकेटशिप (रॉकेट द्वारा संचालित अंतरिक्ष यान) के आगमन की निगरानी करने वाले हैं। अमेरिका की निजी अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी 'स्पेसएक्स' के फाल्कन रॉकेट ने नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बराट और जेनेट एप्स तथा रूस के एलेक्जेंडर ग्रेबेनकिन को लेकर केनेडी अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को आईएसएस पहुंचने वाले हैं। वे अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के अंतरिक्ष यात्रियों का स्थान लेने वाले हैं, जो कि अगस्त से वहां मौजूद हैं। तेज हवा के कारण इन अंतरिक्ष यात्रियों को ले जाने में तीन दिन की देरी हुई। जेनेट एप्स दूसरी अश्वेत महिला हैं जिन्हें अंतरिक्ष स्टेशन पर इतने लंबे मिशन के लिए भेजा गया है। उन्होंने उड़ान भरने से पहले कहा कि वह खासतौर से अश्वेत लड़कियों के लिए आदर्श बनकर गर्व महसूस कर रही हैं और उन्हें यह दिखा रही है कि अंतरिक्ष यात्रा ''उनके लिए भी एक विकल्प है।'' पेशे से इंजीनियर एप्स ने 2009 में अंतरिक्ष यात्री बनने से पहले फोर्ड मोटर कंपनी और सीआई के लिए काम किया है। एप्स को 2018 में रूस के एक रॉकेट से अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजा जाना था लेकिन उनके स्थान पर किसी और को भेज दिया गया था और इसकी वजह का कभी सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया गया।

## ब्राजील में बस पलटने से दो की मौत

साओ पाउलो । ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के पेलोटास शहर में एक बस के पलटने से दो लोगों की मौत हुई और 40 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दोनों पीड़ित महिलाएं थीं। इसमें एक की उम्र 42 साल और दूसरी की 70 साल थी। उन्होंने बताया कि संघीय राजमार्ग बीआर-116 पर बस चालक ने बाइक से आमने-सामने की टक्कर से बचने की कोशिश की तब बस पलट गई। बस पर्यटकों को सांता विटोरिया डो पालमार से कैक्सियास डो सुल ले जा रही थी, जहां पारंपरिक राष्ट्रीय अंगूर महोत्सव मनाया जाता है।

## दुनिया का सबसे अमीर कुत्ता,30 अरब की संपत्ति और सेवा में तैयार रहती है नौकरों फौज

लॉस एंजेलस । अमीर सिर्फ इंसान ही नहीं होते, कुत्ते भी होते हैं। एक ऐसा कुत्ता है जो 30 अरब की संपत्ति का मालिक है करोड़ों की गाड़ी में घूमता है। उसकी सेवा में नौकरों की फौज 24 घंटे सातों दिन तैनात रहती है। इस डॉग के नाम गंथर 6 है, जो एक जर्मन शेफर्ड है। इस कुत्ते के नाम करीब 30 अरब की संपत्ति है। यह असाधारण कुत्ता बीएमडब्ल्यू की सवारी करता है। इस कुत्ते के नाम कई बंगले तो हैं ही, इसके आवाला एक फुटबॉल क्लब भी है। गंथर के पीआर लकी कार्ल्सन के मुताबिक, लेबिनस्टेन की मौत के समय उनका कोई नजदीकी रिश्तेदार नहीं था, ऐसे में लेबिनस्टेन ने सारी जायदाद अपने प्रिय कुत्ते के नाम कर दी थी। इसके बाद गंथर के नाम पर ट्रस्ट बनाया गया, जो ये सुनिश्चित करता है की पूरी संपत्ति गंथर और उसके परिवार के पास रहे। हाल ही में गंथर पर एक फिल्म भी बनाई जा रही है, जो काफी चर्चा का विषय भी बना रहा है। गंथर 6 मशहूर पॉप सिंगर रह चुकीं मेडोना के पुराने घर में रहता है, जिसके पास एक बड़ा सा यॉट भी है। यहां बाहमास के विला से नौकर भी आते हैं। यह कुत्ता कैरिबियन द्वीपों में स्थित अपने 6 अरब 81 करोड़ के घर में रहता है। इतना ही नहीं गंथर की टीम ने यह भी खुलासा किया कि आलीशान डिनर के अलावा वे कई बार यॉट ट्रिप्स पर दुनिया की सैर करने के लिए भी जाता हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस कुत्ते का पैसा इटली का एक 66 वर्षीय आंत्रप्रेन्योर मौरिजियो मियान नियंत्रित करता है। दरअसल मियान गंथर कॉर्पोरेशन के सीईओ है, जो इस कुत्ते के असली मालिक द्वारा छोड़ी गई 29 अरब दो करोड़ रुपये की संपत्ति की देख रेख कर रही है। जर्मन काउंटेस कैरलोटा लेबिनस्टेन ने अपनी सारी संपत्ती इस कुत्ते के नाम कर दी थी।

## लॉटरी टिकट से मिले दस करोड़

लंदन। यहां एक व्यक्ति लॉटरी टिकट लेकर भूल गया पर बाद में इसी कारण करोड़पति बना गया। ब्रिटेन के रहने वाले विलियम मुलार्की ने कुछ समय पहले नेशनल लॉटरी से टिकट खरीदा।. वे भूल गए। और कुछ दिनों बाद पत्नी कैथरीनेट के साथ छुट्टियां मनाने के लिए सेंट लूसिया पहुंच गए। तभी उन्हें ईमेल



आया, जिसमें बताया गया था कि उन्होंने यूरो मिलियंस मिलियनेयर मेकर जैकपॉट जीता है। इसके तहत उन्हें 1 मिलियन पाउंड यानी तकरीबन 10 करोड़ रुपये मिलेंगे। आम लोगों की तरह बिल को भी यह फॉड लगा. उन्होंने ध्यान नहीं दिया। एक महीने बाद जब वे छुट्टियों से लौटे, तभी उनकी पोती ने ईमेल को क्लिक कर दिया। फिर जो नजर आया, देखकर वे चिल्ला उठे। पोती की वजह से वे करोड़पति बन चुके थे। अगर ईमेल डिलीट हो जाता, तो वे मेगा जैकपॉट के लिए आवेदन नहीं कर पाते और 10 करोड़ रुपये नहीं मिलते।. इसके बाद पूरे परिवार ने जोर-जोर से चिल्लाना और नाचना शुरू कर दिया। बिल ने कहा, जब हमने ईमेल पर 'बधाई हो, आप विजेता हैं' संदेश देखा तो हमारी खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। स्क्रीन पर जो कुछ भी नजर आ रहा था, हम यकीन नहीं कर पा रहे थे। हम एक तरह से सदमे में थे। बिल ने कहा, हमने खूब जश्न मनाया. मुझे पूरी रात नींद नहीं आई। हमारे ऊपर ढेर सारा कर्ज था. अब हम चुकाने के लिए तैयार थे. हमने तुरंत सेंट लूसिया में दूसरा घर खरीदने की योजना बना ली. क्योंकि इस पैसे पूरे परिवार का जीवन बदलने वाला था।



फ्रांस में फ्रेंच फार राइट एक रैली में संसदीय नेता जोर्डन बारडेला और मैरियाना ली पेन भी शामिल हुए।

## ब्रिटेन में नहीं घुस सकेंगे पाकिस्तान के चरमपंथी धर्मगुरु

### - ऋषि सुनक ने तैयार किया प्लान, पहले ही दी थी चेतावनी

लंदन । ब्रिटेन की सरकार द्वारा बनाई जा रही नई योजनाओं के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और इंडोनेशिया जैसे देशों के चरमपंथी इस्लामी विचारों वाले प्रचारकों को ब्रिटेन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक खबर में यह जानकारी दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रिटिश सरकार



चरमपंथी गतिविधियों में चौंकाने वाली वृद्धि से चिंतित है और अधिकारियों को विदेशों के सबसे खतरनाक चरमपंथी प्रचारकों की पहचान करने की जिम्मेदारी दी जा रही है ताकि उन्हें वीजा चेतावनी सूची में जोड़ा जा सके। इसके मुताबिक, नई योजनाओं के तहत सूची में शामिल लोगों को अपने आप ही ब्रिटेन में प्रवेश से रोक दिया जाएगा। यह जानकारी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा लंदन में पिछले दिनों एक भाषण देने के कुछ दिनों बाद सामने आई है, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी थी कि देश के लोकतांत्रिक और बहु-आस्था मूल्यों को चरमपंथियों से खतरा है। प्रधानमंत्री सुनक ने हाल ही में अपने भाषण में कहा था कि हम इस देश में उन लोगों को प्रवेश करने से रोकने के लिए भी कार्रवाई करेंगे, जिनका उद्देश्य इसके मूल्यों को कमजोर करना है।

## बाइडेन और ट्रंप के बीच 'ब्लंडर' करने की मची होड़! अब ओबामा को बताया वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर राजनीतिक घमासान तेज होता जा रहा है। 5 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए इस बार भी जंग जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच होनी तय मानी जा रही है। दोंनों ही तरफ से एक-दूसरे पर जुबानी हमले भी लगातार जारी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की तरफ से सार्वजनिक मंच पर कई बार ऐसी गलती हो जाती है जिसकी वजह से सोशल मीडिया में उनका मजाक बनाया जाता है और उनकी बढ़ती उम्र को इसकी वजह भी बताया जाता है। लेकिन ट्रंप की तरफ से भी इस तरह की चूक हो रही है। एक रैली में ट्रंप ने जो बाइडेन की जगह बराक ओबामा को अमेरिकी राष्ट्रपति बता दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने वर्जीनिया में एक रैली में बराक ओबामा को जो बाइडेन समझ लिया, जिससे संभावित रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की उम्र के बारे में और सवाल उठने लगे।



क्रमशः 77 और 81 साल की उम्र के साथ ट्रम्प और बाइडेन अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति पद के लिए दौड़ने वाले सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं।

ट्रम्प ने रिचमंड में कहा कि पुतिन के मन में ओबामा के लिए इतना कम सम्मान है कि वह परमाणु शब्द को उछालना शुरू कर रहे हैं। आपने वो सुना वो आज परमाणु हथियारों पर बात करना शुरू कर रहे हैं। कथित तौर पर भीड़ चुप हो गई क्योंकि ट्रम्प ने ओबामा का जिक्र किया जो सात साल से अधिक समय पहले ही व्हाइट हाउस छोड़ चुके हैं। पिछले छह महीनों में यह तीसरी बार है जब ट्रम्प से चूक हुई है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की अन्य गलतियों में उनकी रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली को पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी के साथ भ्रमित करना शामिल है। 52 वर्षीय हेली, जिन्होंने रिपब्लिकन नामांकन की दौड़ में बने रहने के लिए ट्रम्प और कई प्राथमिक हार को चुनौती दी है, ने खुद को युवा, स्वस्थ विकल्प के रूप में पेश करने की कोशिश की है - अपने अभियान विज्ञापनों में ट्रम्प और बिडेन को ग्रम्पी ओल्ड मेन के रूप में संदर्भित किया है। ट्रम्प की गलती उस दिन सामने आई जब बिडेन ने दो बार यूक्रेन और गाजा को भ्रमित किया जब उन्होंने घोषणा की कि अमेरिका गाजा में फिलिस्तीनियों को मानवीय आपूर्ति प्रदान करेगा जो इजरायली बमबारी और नाकेबंदी के कारण भूख से मर रहे हैं।

## प्राइमरी चुनाव में निक्की हेली ने डोनाल्ड ट्रंप को हराया



### -हेली के खिलाफ ट्रंप को मिले सिर्फ 676 वोट, ट्रंप की हुई पहली हार

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** राष्ट्रपति पद के लिए हो रहे प्राइमरी चुनाव में निक्की हेली ने डोनाल्ड ट्रंप को हरा दिया है। हेली के खिलाफ ट्रंप को सिर्फ 676 वोट मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार साउथ कैरोलाइना की गवर्नर निक्की हेली ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हराया दिया है। निक्की और ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इसके लिए वाशिंगटन डीसी में वोटिंग हुई। अमेरिकी न्यूज पोर्टल के मुताबिक, हेली को कुल 1274 वोट मिले जबकि ट्रंप को 676 वोट मिले हैं। इस साल शुरू हुए इस कैंपेन में यह ट्रंप की पहली हार है। यह वोटिंग वाशिंगटन डीसी के एक होटल में वीकेंड पर हुई थी। रिपब्लिक पार्टी के आधिकारिक बयान के मुताबिक, निक्की हेली ने 63 प्रतिशत वोट हासिल किए। निक्की ने वाशिंगटन डीसी से जीत हासिल की है। जबकि इससे पहले ट्रंप ने उन्हें मिसौरी और इडाहो में हराया था।

उन्होंने मिशिगन में रिपब्लिकन पार्टी के सम्मेलन में सभी का समर्थन प्राप्त किया था। हालांकि ट्रंप जीओपी नॉमिनेशन की तरफ बढ़ रहे हैं और इस हफ्ते होने वाले 16 सुपर ट्यूजडे में जीत हासिल करने की संभावना जता रहे हैं। हेली को रविवार को मिली जीत ने ट्रंप के विजयी रथ को अस्थायी रूप से रोक दिया है। लेकिन इस सप्ताह होने वाले 'सुपर ट्यूजडे' में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी संख्या में डेलिगेट (मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्टी सदस्य) का समर्थन मिलने की संभावना अधिक बन रही है।

## थाई श्रद्धालुओं को भगवान बुद्ध के अवशेषों के प्रति सम्मान व्यक्त करते देख मैं प्रभावित हुआ : जयशंकर

बैंकॉक। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि यह बेहद हृदयस्पर्शी है कि 10 लाख थाई श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के प्रति अपना सम्मान जाहिर किया है। इन पवित्र अवशेषों को एक प्रदर्शनी के तहत बैंकॉक में 22 फरवरी से तीन मार्च तक प्रदर्शित किया गया। जयशंकर ने पोस्ट में उस विशेष मंडप की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें 26-दिवसीय प्रदर्शनी के पहले चरण के तहत बैंकॉक में पवित्र अवशेष प्रदर्शित किए हैं। दुनियाभर के बौद्ध अनुयायियों द्वारा पवित्र इन अवशेषों को राजकीय अतिथि के दर्जे के अनुरूप भारतीय वायुसेना के एक विशेष विमान से ले जाया गया। विदेश मंत्री जयशंकर ने पोस्ट किया, ''थाइलैंड के लाखों श्रद्धालुओं को भारत से आए पवित्र अवशेषों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए देखकर मैं बहुत प्रभावित हुआ। हमारी साझा विरासत और संस्कृति एक ऐसा सेतु है जो एक विशेष संबंध स्थापित करता है। इस संबंध में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और अन्य को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने कहा था कि यह पहली बार है कि जब भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों के पवित्र अवशेषों को एक साथ प्रदर्शित किया गया है।



## नेपाली कांग्रेस से अलग होने के बाद प्रधानमंत्री प्रचंड ने ओली की पार्टी के साथ गठबंधन का फैसला किया

**काठमांडू (एजेंसी)।** 04 मार्च (वेब वार्ता)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने मतभेदों के कारण नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी लगभग 15 महीने की साझेदारी को समाप्त करने के बाद सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की पार्टी के साथ एक नया गठबंधन बनाने का फैसला किया। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के एक नेता ने कहा कि प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी केंद्र) और शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच गठबंधन समाप्त हो गया है क्योंकि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच मतभेद काफी गहरे हो गए हैं। सीपीएन (माओवादी केंद्र) के सचिव गणेश शाह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'नेपाली कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के साथ सहयोग नहीं किया, इसलिए हम नए गठबंधन की तलाश करने के लिए मजबूर हैं।' प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे। प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ने के बाद प्रचंड ने ओली के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) से हाथ मिलाने का फैसला किया। हालांकि, ओली को प्रचंड का आलोचक माना जाता है।

पिछले साल, राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी दल के उम्मीदवार को समर्थन देने पर मतभेद के बाद सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। सीपीएन-यूएमएल के उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडे ने कहा कि नई कैबिनेट का गठन सोमवार दोपहर को किया जाएगा और कैबिनेट का आकार छोटा होगा। कुछ परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन के मुद्दे पर नेपाली कांग्रेस नेता एवं वित्त मंत्री प्रकाश शरण महत और प्रचंड के बीच मतभेद बढ़ने के बाद दोनों दलों के बीच दरार बढ़ गई। सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने सोमवार को प्रधानमंत्री के आवास पर प्रचंड से मुलाकात की और एक नया गठबंधन बनाने से संबंधित मामलों पर चर्चा की।

## पाकिस्तान संभलता नहीं और कश्मीर चाहिए, पीएम बनते ही नेशनल असेंबली में शहबाज शरीफ ने भारत के खिलाफ उगला जहर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा शपथ लेने के बाद अपने पहले भाषण में कश्मीर का उल्लेख करने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के निर्वासित अधिकार कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने शरीफ की आलोचना करते हुए कहा कि वो वास्तव में गलत कर रहे हैं। कश्मीर के बारे में दावे को लेकर राजनीतिक कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने कहा कि नवनिर्वाचित प्रधान मंत्री इस क्षेत्र के बारे में झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मानवीय संकट को स्वीकार करने और स्वीकार करने की हिम्मत नहीं है। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में लोग बड़े पैमाने पर भूख से मर रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है।' पेंशनभोगी लगभग एक साल से अपनी पेंशन का इंतजार कर रहे हैं। कई विभागों और अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को उनका वेतन नहीं दिया गया है। अस्पतालों में दवा नहीं है। सांप या कुत्ते के काटने की कोई खबर नहीं है। समाचार एजेंसी एएनआई ने मिर्जा के हवाले से बताया कि अस्पतालों में काटने के टीके उपलब्ध हैं।

पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी के चुनावी धांधली के दावों के बीच पाकिस्तान में सत्ता हासिल करने वाले शरीफ के दावों की धज्जियां उड़ाते हुए पीओके में मानवीय स्थितियों के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कोई



ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र नहीं है, यहां तक कि स्थानीय ग्रामीणों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वहां एक डिस्पेंसर भी हो। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के निर्वासित कार्यकर्ता ने कहा कि पीओके में शिक्षा प्रणाली 'पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि ऐसा एक भी देश नहीं है जो पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर के छात्रों द्वारा प्राप्त की गई डिग्री को वैध मानता हो।

**प्रधानमंत्री के तौर पर अपने पहले भाषण में शहबाज शरीफ ने कश्मीर का किया जिक्र**

पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज

शरीफ ने शपथ लेने के बाद अपने पहले भाषण में कश्मीर मुद्दे का जिक्र किया और उसी भाषण में देश में गंभीर आर्थिक संकट के बारे में भी बात की। उन्होंने अपने देश की संसद से कश्मीरियों और फ़िलिस्तीनियों की आज़ादी पर एक प्रस्ताव पारित करने की अपील की। उन्होंने पाकिस्तान की संसद नेशनल असेंबली में प्रस्ताव पारित करने की बात कही। शरीफ ने कहा कि उन्होंने कहा कि आइए सब एक साथ आएं और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों और फिलिस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए। उसी भाषण में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ ने अफसोस जताया कि देश खतरनाक कर्ज संकट का सामना कर रहा है।

## मुस्लिम देश में बने हिंदू मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, दर्शन के लिए एक दिन में पहुंचे 65 हजार लोग



**अबु धाबी (एजेंसी)।** संयुक्त अरब अमीरात के अबु धाबी में निर्मित बीएपीएस हिंदू मंदिर में दर्शन करने वालों का तांता लगा हुआ है। यहां एक दिन में 65 हजार लोग दर्शन को पहुंचे हैं। बता दें कि अबु धाबी में यह धार्मिक स्थल रविवार से आम जनता के लिए खुल गया है। आंकड़े बता रहे हैं कि पहले ही दिन मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 60 हजार के आंकड़े को पार कर गया है। गौरतलब है कि फरवरी में ही पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बस और कार के जरिए सुबह 40 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे थे। जबकि शाम के वक्त यह आंकड़ा 25 हजार के ऊपर पहुंच गया। खास बात है कि इतनी भीड़ होने के बाद भी 2-2 हजार के श्रद्धालुओं का बैच तैयार किया गया और सभी बगैर धक्का मुक्की के दर्शन के लिए कतार में इंतजार करते नजर आए। साधु ब्रह्मबिहारीदास का कहना है, इस दिन को हकीकत में बदलने के लिए पूर्ण समर्थन देने और नई बस सेवाओं के लिए हम यूएई के नेताओं और स्थानीय अधिकारियों के आभारी हैं। मैं उन श्रद्धालुओं का भी धन्यवाद करना चाहता हूं, जो बेहद शांति से रहे। यह मंदिर आध्यात्मिकता, सद्भावना के प्रतीक के रूप में काम करेगा जो सभी लोगों को साथ लाएगा।

इसी तरह अबु धाबी के सुमंत राय बताते हैं कि हजारों लोगों के बीच मैंने कभी ऐसी गजब की व्यवस्था नहीं देखी। मुझे इस बात की चिंता थी कि मुझे घंटों इंतजार करना पड़ेगा और शांति से दर्शन नहीं हो सकेंगे, लेकिन हमें अच्छे से दर्शन हुए और पूरी तरह से संतुष्ट हैं। बीएपीएस के वॉलिंटियर्स और मंदिर स्टाफ का धन्यवाद। बता दें कि यूएई का यह पहला हिंदू मंदिर हैं। साल 2015 में प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान अबु धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयन ने मंदिर निर्माण के लिए 13.5 एकड़ जमीन दान कर दी थी। बाद में साल 2019 में यूएई सरकार ने मंदिर के लिए 13.5 एकड़ जमीन और दे दी, जिसके चलते मंदिर के लिए प्राप्त जमीन 27 एकड़ तक पहुंच गई। साल 2017 में पीएम मोदी ने मंदिर की आधारशिला रखी थी। अब यह दर्शनों के लिए खोल दिया गया है।

# लूट के अपराध मे फरार पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी को देहात थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंशसिंह भदौरिया जी के द्वारा गंभीर अपराधों मे फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं, पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीर सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये क्षेत्र मे शांति भंग करने बाले अपराधिक तत्वों एवं अपराधिक गतिविधियों मे संलग्न लोगों पर तुरंत वैधानिक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है, जिसके तारतम्य मे कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना देहात द्वारा 5 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता हांसिल किया है ।बरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में इनामी बदमाशों की धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदोरिया के निर्देशन मे, अति( ) पुलिस




अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले, सीएसपी अनुभाग शिवपुरी के मार्गदर्शन में पुलिस थाना देहात द्वारा मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम गठित की गई जिसमे निरीक्षक विकास यादव थाना प्रभारी देहात की टीम को दिनांक 07.03.24 को सूचना मिली कि थाना देहात के अपराध क्रमांक 403/2021 धारा 392, 34 भादवि, 11,13 एमपीडीपीके एक्ट मे फरार आरोपी सुनील यादव पुत्र इमरत सिंह यादव उम्र 25 साल निवासी भदौरिया की खिड़की होलीपुरा थाना कोतवाली जिला दतिया का जिस पर 5000 रुपये का इनाम है नीलगर चौराहे शिवपुरी के पास खड़ा है मुखबिर की सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये थाना देहात की पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय शिवपुरी जेआर पर पेश किया गया है।उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विकास यादव, प्रआर.255 हरिकृष्ण यादव, प्रआर.499 देवेन्द्र सेन, प्रआर 844 केशव राजावत, आर 811 वासुदेव यादव व आर. चालक 259 शरद यादव की मुख्य भूमिका रही ।

# 9 मार्च को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 09 मार्च 2024 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत लगाई जा रही है। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी।प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर उपरोक्त अवस्था में भी 100 फीसदी छूट दी जाएगी।लोक अदालत में छूट नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी। आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। साथ ही विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य देयकों की बकाया राशि का भी पूर्ण भुगतान करना होगा। यदि आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन नहीं है तो उसे वैध कनेक्शन प्राप्त करना होगा, वहीं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) तो पूर्ण भुगतान करना अनिवार्य होगा। कंपनी ने कहा है कि नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी, अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। पहले से अदालतों में छूट प्राप्त उपभोक्ताओं को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। वहीं सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। कंपनी ने यह भी कहा कि 9 मार्च 2024 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत में 50 हजार रूपये तक के प्रकरणों पर ही छूट दी जाएगी।

# बेकरी उद्योग पर 18 और मसाला उद्योग पर 21 से प्रशिक्षण

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा स्थापित फूड प्रोसेसिंग इन्क्यूबेशन सेंटर में इसी माह बेकरी और मसाला उद्योग पर आधारित तीन-तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। बेकरी उद्योग पर 18 मार्च से और मसाला उद्योग पर 21 मार्च से प्रशिक्षण शुरू होंगे। दोनों ही प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 मार्च है।प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए पूर्व पंजीयन आवश्यक है। 30-30 प्रतिभागियों के दो बैच बनाकर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। राजधानी के अरेरा हिल्स भोपाल स्थित उद्यमिता भवन में 18 से 20 मार्च तक बेकरी उत्पादों पर और मसाला उत्पादों पर 21 से 23 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। सशुल्क प्रशिक्षण में स्वरोजगार संभावनाओं, नियम-प्रक्रियाओं और शासकीय योजनाओं आदि की जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षणार्थियों को बेकरी उत्पादों में मुख्य रूप से बिस्किट, नॉनखटाई, पेस्ट्री, केक आदि के बारे में सिखाया जाएगा और मसालों पर आधारित प्रशिक्षण में सभी तरह के मसालों की पैकेजिंग, ग्राइडिंग आदि को लेकर प्रशिक्षित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी 14 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं।सेडमैप फूड प्रोसेसिंग इन्क्यूबेशन सेण्टर में प्रतिभागी सीधे प्रैक्टिकल कर सकेंगे। सशुल्क प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों द्वारा अत्याधुनिक तरीके से बेकरी उद्योग अथवा मसाला उद्योग की स्थापना से सम्बंधित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इच्छुक व्यक्तियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा। बेकरी अथवा मसाला उद्योग पर आधारित स्वरोजगार के इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9301389062 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# आत्मनिर्भर नारी -गर्व से पहने साड़ी थीम पर वॉकथान हुई आयोजित उत्साह से महिलाओं ने लिया भाग कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुई शपथ के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-एक भारत साड़ी वॉकथोन कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया। आत्मनिर्भर नारी -गर्व से पहने साड़ी की थीम पर साड़ी वॉकथान शिवपुरी जिले में भी आयोजित हुई और महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। गुरुवार को तात्या टोपे स्टेडियम में एक साथ बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित हुई । साड़ी वॉकथान में भारतीय परंपरागत पहनावा अर्थात साड़ी पहनकर महिलाएं शामिल हुई।साड़ी वॉक तात्या टोपे पार्क से निकलकर पोलो ग्राउंड तक पहुंची। इस साड़ी वॉकथान का प्रमुख उद्देश्य स्थानीय पारंपरिक पहनावे को बड़ावा देना है। अर्थात लोकल फॉर वोकल को महत्व देना है। इस कार्यक्रम में कई रोमांचक प्रतियोगिता भी हुई।जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।महिलाओं का



उत्साह बढ़ाने विधायक देवेंद्र जैन, जिला अध्यक्ष राजू बाथम भी कार्यक्रम में शामिल हुए। साड़ी वॉक में कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें चेयर रेस, नींबू चम्मच रेस में महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। चेयर रेस में रजनी शिवहरे ने प्रथम स्थान तथा लता कटारे द्वितीय और सविता शर्मा तृतीय स्थान पर रही। नींबू चम्मच रेस में राउंड वन में रश्मि योगी प्रथम राउंड 2 में प्रीति राठौड़ राउंड 3 में दिव्या प्रभाकर और राउंड चार में कृष्णा जाटव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बेस्ट वेशभूषा के लिए साहित्यकार श्रीमती चंदर मेहता को प्रथम स्थान, नीलम पांडे द्वितीय और भावनी बिरथरे को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में पत्रकारिता क्षेत्र से शामिल पूनम पुरोहित और माणिका शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आत्मनिर्भर नारी की शपथ दिलाई गई। सभी महिलाओं ने बड़े उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया।

# पुलिस थाना करैरा शिवपुरी ने कार एक्सीडेंट में घायल 5 युवकों को तत्काल करैरा अस्पताल पहुंचाया।



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

करैरा ,कल देर रात करीब 12 बजे के बाद करैरा से शादी समारोह में शामिल होकर पांच युवक क्रेटा कार से भितरवार जा रहे थे ।रास्ते में कार का बैलेंस बिगड़ा और वह खेत की बागड़ तोड़कर खेत में चली गई ।पुलिस थाना करैरा की गस्त पार्टी ने तत्काल घायलों को स्थानीय आम जनता के सहयोग से कार से निकालकर गस्त की पुलिस बोलेरो वाहन से अस्पताल करैरा पहुंचाया ताकि उनकी जान बच सके ।घायलों में अजय प्रजापति, जयदीप सेन, अंकित अग्रवाल उर्फ मोटा निवासी भितरवार के थे व ध्रुव कुशवाह , बंटी कुशवाह निवासी बामौर मुरैना के थे जिन्हें बाद में शिवपुरी अस्पताल भी रेफर किया ।पुलिस गस्त पार्टी में, स्ढ्ढ शैलेंद्र सिंह चौहान, आरक्षक राधे जादौन नगर रक्षा समिति सदस्य मनमोहन तोमर व संतोष विश्वकर्मा ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

# जे.पी.गुप्ता ने किया पिछोर एसडीएम का पदभार ग्रहण



राकेश परिहार पिछोर
9691338626

**पिछोर(शिवपुरी) म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा राजीव समाधिया एसडीएम पिछोर का संयुक्त कलेक्टर ग्वालियर में स्थानांतरित होने पर पिछोर एसडीएम के पद पर जे.पी.गुप्ता डिप्टीकलेक्टर शिवपुरी को पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी का प्रभार सौंपा गया। जानकारी के अनुसार एसडीएम गुप्ताजी पूर्व में भी पिछोर में एसडीएम के पद पर रहकर कार्य कर चुके है।उनके प्रभार ग्रहण करने पर विभाग के सभी अधिकारी,कर्मचारी, मौके पर उपस्थित थे।**

# पिछोर में कैंसर जागरूकता शिविर लगाया गया

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर/शिवपुरी 7 मार्च गुरूवार को पिछोर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पिछोर के युवा एवं ऊर्जावान एसडीओपी श्री प्रशांत शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।मुख्य अतिथि के रूप में शर्मा ने लोगो से कहा कि वर्तमान में बिगड़ती जीवनशैली और खानपान के कारण पूरे देश में कैंसर पैर पसार रहा है परंतु जागरुकता से इस से निजात पाई जा सकती है,पिछोर जैसी छोटी जगह में इस



तरह के आयोजन निश्चित ही सौभाग्य का विषय है, इसके साथ ही लोगों से नशा ना करने की अपील की है,डॉक्टर शिवहरे मैडम ने जानकारी देते हुऐ बताया कि महिलाओं को नियमित अपनी जांच करवानी चाहिए और अपनी परेशानी बताने में संकोच नहीं करना चाहिए,ग्वालियर से पधारे डॉक्टर लोहिया जी ने बताया कि 100 में से 90 मरीजों को तंबाकू से कैंसर होता है इसलिए तंबाकू छोड़ें।तथागत फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में आलोक इंदौरिया जी की भूमिका सराहनीय रही।अंत में डॉक्टर वर्मा जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमलीपदर मे उमड़ा जनसैलाब स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित



गरियाबंद जिला के सुदूर वनांचल में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलीपदर विकासखंड मैनपुर का 50 वर्ष पूर्ण होने पर शाला प्रांगण में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गोवर्धन सिंह मांझी जी पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, श्री डमरू धार पुजारी जी पूर्व विधायक, अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य श्री श्याम लाल पांडे जी, श्री रूद्र प्रसाद अवस्थी जी, श्री राम राजेंद्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती पुष्पा दुबे ,पूर्व छात्र श्री बोधन नायक, श्री कांतिलाल पत्थर ,श्री कुंज बिहारी साहू, श्री लोकेंद्र सिंह कोमार्रा, श्री केनु राम यादव, श्री मुनेंद्र कुमार जोशी, श्री संपत लाल जैन, श्री प्यारेलाल दुबे , श्री प्रेम राव वाघे, श्री रोशन लाल अवस्थी, श्री जमील मोहम्मद खान रहे हैं इस संस्था की स्थापना 1 नवंबर 1971 को हुआ इस संस्था से अनेक छात्र उत्तीर्ण होकर छत्तीसगढ़ी नहीं बल्कि विदेशों में भी अच्छे-अच्छे पदों पर कार्यरत है अनेक छात्र प्रशासनिक अधिकारी के पद पर एवं आई ए एस आई पी एस पदों पर सुशोभित है इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश ,उड़ीसा ,छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग, दुर्ग संभाग, बिलासपुर संभाग ,रायपुर एवं अन्य संभाग व जिलों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी हजारों की संख्या में शामिल हुए यहां आकर अपने 50 वर्षों की विद्यार्थी जीवन के उतार-चढ़ाव के बारे में अपने अनुभव साझा किए,और अपने-अपने ईष्ट मित्रों से मिलकर भाव विभोर हो गए स्वर्ण जयंती समारोह में उपस्थित देखकर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिसमें सभी भूतपूर्व छात्रों को सम्मानित कर बीच एवं मैडल से स्वागत किया गया जिसमें 1339 छात्रों का पंजीयन हुआ और उन्हें उद्बोधन में छात्र जीवन के बीते हुए पल को सभी के सामने रखा गया बीच-बीच में वर्तमान छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति और कुशल मंच संचालक कमल किशोर ताम्रकार के शेरो शायरी ने कार्यक्रम को खुशनुमा बना दिया।पूर्व छात्रों में श्रीमती पुष्पा दुबे, उषा किरण भोसले, श्यामा भोंसले, शारदा बाबर, मीणा मोर्खे, मंदा मिश्रा, गीता मिश्रा, राजरानी दुबे , डॉ संध्या मिश्रा , जयंती बाबर, तुलसी ताम्रकार, विभा ठाकरे, प्रीति शुक्ला, पिंकी वाघें, मनीष बाघे, ने अपने-अपने अनुभव साझा किया उद्बोधन को द्वितीय सत्र में श्री मुनेंद्र जोशी सेवानिवृत्ति जिला खनिज अधिकारी श्री कांतिलाल जी पत्थर, श्री बोधन नायक, कुंज बिहारी साहू, प्यारेलाल जी दुबे, संपत जैन, श्री गोवर्धन मांझी जी के द्वारा अपने विद्यार्थी जीवन के बारे में अनुभव साझा किये कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य वरुण चक्रधारी , शेषनारायण कश्यप, दिनेश लहरी, तोरण नेम, संदीप साहू , पूनम साहू, गोमती पटेल इस स्कूल के छात्र रहे प्राचार्य भूपेंद्र कुमार तिवारी, दुर्योधन मांझी, आलोक राव, वासुदेव नेताम, ईश्वर सिंह चौहान,खीर सिंह नेताम, मोती लाल, केसरी सोनवानी , देवानंद मांडवी, एवं संकुल समन्वय श्री अनंत राम नागेश, भागीरथी नागेश, सुभाष पांडे ,भूषण पांडे, नरेंद्र दीवान, भानु प्रताप सिंह राठौर, किशोर मिश्रा, अजय यादव, दिनेश नेताम, तूपेंद्र मिश्रा, तखत राम कश्यप, टेकराम साहू, परेश्वर ठाकुर अन्य समन्वय साथियों के साथ समस्त शिक्षकों का भी विशेष योगदान रहा जिसमें जयप्रकाश नागेश, सुंदरलाल ध्रुव , बीरबल बघेल, उमेश श्रीवास, तीरथ श्रीवास, प्रेम सिंह चक्रधारी ,अजय सिंह मुकेश सिन्हा, टीकम सिन्हा, जगदीश जैन, कृष्ण कुमार ताम्रकार ,अनिल अवस्थी, अयोध्या राम डांडिया ,हेमलाल जगत, डोमू राम ध्रुव ,थान सिंह मरकाम इस क्षेत्र के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा है





# ग्वालियर एयरपोर्ट की नई एयरटर्मिनल बिल्डिंग बनकर तैयार, पीएम मोदी 10 मार्च को करेंगे शुभारंभ, सीएम यादव- सिंधिया भी होंगे शामिल

ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट पर लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुई नई एयरटर्मिनल बिल्डिंग का लोकार्पण 10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, पीएम मोदी कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़ेंगे वहीं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य ग्वालियर में इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

**10 मार्च को ग्वालियर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का शुभारंभ** -जानकारी के मुताबिक 10 मार्च को प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम महाराजपुरा स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट परिसर में आयोजित किया जायेगा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कई अन्य जन प्रतिनिधि शामिल होंगे , एयरपोर्ट मैनेजमेंट करीब 25 हजार लोगों के शामिल होने के अनुमान के हिसाब से तैयारी कर रहा है, इसके लिए तीन आलग अलग डोम तैयार किये जा रहे हैं।आपको बता दें कि करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से ग्वालियर एयरपोर्ट की ये नई एयरटर्मिनल बिल्डिंग तैयार हुई है , बताया जा रहा है कि देश में तैयार किसी भी हवाई अड्डे में बनने वाली किसी भी बिल्डिंग की तुलना में ग्वालियर एयरपोर्ट की नई सबसे कम समय में बनकर तैयार हुई है, खास बात ये है कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया की विशेष निगरानी में बनकर तैयार हुई नई बिल्डिंग में इतिहास, संस्कृति और आधुनिकता का मिश्रण देखने को मिलेगा।इन सुविधाओं का रखा गया विशेष ध्यान-एयरपोर्ट का विस्तार इस बात को ध्यान में रखकर किया गया है कि अब से ग्वालियर एयरपोर्ट पर बड़े विमान भी खड़े हो सकेंगे, यहाँ एयरोब्रिज तैयार किये गए हैं बड़े विमान इसके पास खड़े होंगे और यात्री एयरोब्रिज के माध्यम से सीधे विमान से जा सकेंगे,

# खरगोन पुलिस द्वारा विशेष ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत 76 अवयस्क बालक/ बालिकाओ को खोज निकाल कर दसत्याब करने में पाई बड़ी सफलता

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

**दसत्याबी प्रतिशत 59.80 के साथ प्रदेश मे पाया प्रथम स्थान**

## देश के विभिन्न राज्यो से पुलिस टीम के द्वारा ढूंढकर लाया गया गुम हुआ बालक/बालिकाओं को

15 जनवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक चलाया गया विशेष ÷मुस्कान अभियान÷ मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए नाबालिक बालक/बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु विशेष ÷मुस्कान अभियान÷ दिनांक 15.01.24 से 28.02.24 तक चलाए जाने हेतु आदेशित किया गया था। । पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण झोन इंदौर श्री अनुराग के द्वारा पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के उपरांत खरगोन जिले के समस्त थानों के नाबालिक बालक/ बालिकाओ के गुम होने संबंधी अपराधों की समीक्षा की गई व जल्द से जल्द नाबालिक बालक/बालिकाओ की दस्तयाबी करने हेतु निर्देशित किया गया । उक्त आदेश एवं निर्देशों के पालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारिया व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (शहर) श्री तरुणेन्द्रसिंह बघेल व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नेतृत्व मे नाबालिक बालक/ बालिकाओ के गुम होने संबंधी अपराधों के विवेचना अधिकारीगणो की लगातार मीटिंग लेकर केस डायरी की समीक्षा कर गुम हुए बालक/बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु प्रयास किए गए । थानों की विशेष टीम द्वारा गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि राज्यों मे लगातार दस्तयाबी हेतु प्रयास किए । जिनके परिणामस्वरूप खरगोन जिले के विभिन्न थानों द्वारा कुल 76 नाबालिक बालक/बालिकाओ को सकुशल दसत्याब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया । अभियान के पूर्व कुल 84 नाबालिक बालक / बालिकाओं की बरामदगी शेष थी । 15 जनवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 तक कुल 43 गुम बालक / बालिकाओं के प्रकरण पंजीबद्ध किये गये । इस प्रकार कुल 127 बालक / बालिकाओं में से 76 नाबालिक बालक / बालिकाएं कुल 59.80 प्रतिशत की बरामदगी अभियान के दौरान की गई जो की प्रदेश मे सर्वाधिक है ।नाबालिक बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी में व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जिला खरगोन, छ्स्क्क महिला सुरक्षा शाखा खरगोन श्रीमति वर्षा सोलंकी, समस्त थाना प्रभारी, समस्त विवेचक/दसत्याबकर्ता, डीसीबी शाखा खरगोन सहित सायबर सेल द्वारा विशेष प्रयास किया गया है । बालक / बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रत्येक प्रकरण में 5-5 हजार रूपये के ईनाम उदघोषित किये गये विवेचना टीम को विभिन्न संसाधन उपलब्ध कराये जाकर बरामदगी कराई गई । शेष गुम बालक / बालिकाओं की दस्तायाबी के प्रयास निरंतर जारी है ।



# खरगोन पुलिस द्वारा विशेष ऑपरेशन मुस्कान अभियानों के तहत 76 अवयस्क बालक/ बालिकाओ को खोज निकाल कर दसत्याब करने में पाई बड़ी सफलता

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

**दसत्याबी प्रतिशत 59.80 के साथ प्रदेश मे पाया प्रथम स्थान**

**देश के विभिन्न राज्यो से पुलिस टीम के द्वारा ढूंढकर लाया गया गुम हुआ बालक/बालिकाओं को**

**15 जनवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक चलाया गया विशेष ÷मुस्कान अभियान÷**



मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए नाबालिक बालक/बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु विशेष ÷मुस्कान अभियान÷ दिनांक 15.01.24 से 28.02.24 तक चलाए जाने हेतु आदेशित किया गया था। । पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण झोन इंदौर श्री अनुराग के द्वारा पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के उपरांत खरगोन जिले के समस्त थानों के नाबालिक बालक/ बालिकाओ के गुम होने संबंधी अपराधों की समीक्षा की गई व जल्द से जल्द नाबालिक बालक/बालिकाओ की दस्तयाबी करने हेतु निर्देशित किया गया । उक्त आदेश एवं निर्देशों के पालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारिया व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (शहर) श्री तरुणेन्द्रसिंह बघेल व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नेतृत्व मे नाबालिक बालक/ बालिकाओ के गुम होने संबंधी अपराधों के विवेचना अधिकारीगणो की लगातार मीटिंग लेकर केस डायरी की समीक्षा कर गुम हुए बालक/बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु प्रयास किए गए । थानों की विशेष टीम द्वारा गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि राज्यों मे लगातार दस्तयाबी हेतु प्रयास किए । जिनके परिणामस्वरूप खरगोन जिले के विभिन्न थानों द्वारा कुल 76 नाबालिक बालक/बालिकाओ को सकुशल दसत्याब कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया । अभियान के पूर्व कुल 84 नाबालिक बालक / बालिकाओं की बरामदगी शेष थी । 15 जनवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 तक कुल 43 गुम बालक / बालिकाओं के प्रकरण पंजीबद्ध किये गये । इस प्रकार कुल 127 बालक / बालिकाओं में से 76 नाबालिक बालक / बालिकाएं कुल 59.80 प्रतिशत की बरामदगी अभियान के दौरान की गई जो की प्रदेश मे सर्वाधिक है । नाबालिक बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी में व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जिला खरगोन, छ्स्क्क महिला सुरक्षा शाखा खरगोन श्रीमति वर्षा सोलंकी, समस्त थाना प्रभारी, समस्त विवेचक/दसत्याबकर्ता, डीसीबी शाखा खरगोन सहित सायबर सेल द्वारा विशेष प्रयास किया गया है । बालक / बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु प्रत्येक प्रकरण में 5-5 हजार रूपये के ईनाम उदघोषित किये गये विवेचना टीम को विभिन्न संसाधन उपलब्ध कराये जाकर बरामदगी कराई गई । शेष गुम बालक / बालिकाओं की दस्तायाबी के प्रयास निरंतर जारी है ।

# सिविल अस्पताल अम्बाह में हुआ टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ

**अम्बाह एसडीएम अरबिन्द माहौर ने फीता काटकर किया सुभारम्भ**





**केशब पंडित जी अम्बाह**

आज दिनांक 07.03.2024 को सिविल अस्पताल अम्बाह में एडल्ट (व्यस्क) बी.सी.जी. बैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ अम्बाह एसडीएम अरबिन्द माहौर के द्वारा किया गया इस मौके पर बीएमओ अम्बाह प्रमोद शर्मा व स्त्री रोग बिशेषज्ञ डा. पीपी शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे जानकारी के अनुसार व्यस्क बी.सी.जी. टीकाकरण अभियान के माध्यम से संचारी रोग टी.बी. महामारी रोकथाम के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं आ.सी.एम.आर. के सहयोग से किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को टीकाकरण सिविल अस्पताल अम्बाह एवं ग्राम स्तर पर किया जायेगा। जिसमें टी.बी. रोग से ग्रसित मरीज के परिवार के व्यक्ति / 02 बर्ष पूर्व इलाज प्राप्त कर चुके टी.बी. के मरीज / डायबिटीज के मरीज / धूम्रपान करने बाले व्यक्ति / 60 बर्ष से अधिक आयु के समस्त व्यक्ति एवं अत्यधिक कमजोर (लो बीएमआई) व्यक्तियों को प्राथमिकता से टीकाकृत कर टी.बी. मुक्ति अभियान में सक्रीय भागीदारी निभाने हेतु से जन सहयोग की अपील है कार्यक्रम शुभारम्भ के अबसर पर डॉ. प्रमोद शर्मा (खण्ड चिकित्सा अधिकारी), डॉ. पीपी शर्मा, डॉ. सतीश यादव, डॉ. राकेश शर्मा, एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# ईवीएम गोडाउन का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा आयोग के निर्देशानुसार आज 07 मार्च को कलेक्टर परिसर स्थित ईवीएम गोडाउन का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैमरों, गेट के ताले, अग्निशमन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को करीब से देखा। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जेएस बघेल, राजनीतिक दलों में कांग्रेस के श्री दिनेश पटेल, सीपीएम के वासुदेव विश्नोले उपस्थित थे।



# अखिल भारतीय जाट समाज कर्नाटक महाशिवरात्रि महोत्सव

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू- अखिल भारतीय जाट समाज कर्नाटक बेंगलूरू महाशिवरात्रि का दो दिवसीय महोत्सव मागड़ी रोड माचौहल्ली स्थित समाज भवन मै मनाया जाएगा। संस्था के सचिव रामनिवास ककड़ावा ने बताया कि शुक्रवार रात्रि 08 बजे से देर रात तक भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। भजन गायक सूरज बाई सा जोधपुर भजनों की प्रस्तुति देगे।शनिवार सुबह 10 बजे पुजा-अर्चना के पश्चात आम सभा का आयोजन होगा। ट्रस्ट की ओर से लाभार्थियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। इस सामोरह में जाट समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

# राजिम कुंभ कल्प मेला में शिक्षा विभाग के स्टाल में विकास खण्ड मैनपुर के शिक्षकों ने दिखाया शानदार उत्कृष्ट प्रदर्शन





राजिम कुंभ कल्प मेला में विज्ञान एवं कबाड़ से जुगाड़, प्रदर्शन में गणितीय कौशल विकास के अन्तर्गत भाग संक्रियाऐ को भाग मशीन, माडल रात-दिन सौरमंडल का प्रदर्शन, स्नस्र्ह के अन्तर्गत जादुई पहाड़ा मशीन, जोड़-घटना चक्र, अंग्रेजी शब्द भंडार एवं *अंगना में शिक्षा -जादुई पिटारा,अंग्रेजी का छोटा बड़ा अक्षर टी.एल.एम. प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहा । राजिम कुंभ कल्प मेला में जिला के सभी विकासखंड के उत्कृष्ट शिक्षको को जिला और विकासखंड में राज्य शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमो के साथ शिक्षको द्वारा किए जा रहे विभिन्न नवाचारी शैक्षिक कार्यक्रमो का प्रदर्शन करने के लिए शिक्षा विभाग गरियाबंद द्वारा स्टाल लगाया गया है जिसमे आज मैनपुर विकास खण्ड के शिक्षकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर चन्द्रशेखर मिश्रा विकासखंड स्रोत समन्वयक शिव कुमार नागे , संतोष तारक के कुशल मार्गदर्शन में पीएलसी मैनपुर के शिक्षकों के द्वारा एफ एल एन, अंगना मे शिक्षा, कबाड़ से जुगाड , पुस्तक प्रदर्शनीय लगाया गया है जिसमे तीन दिन दिनांक 04-03-2024से06-03-2024तक प्रदर्शनी में बच्चों और पालकों के बीच शास.कन्या प्राथमिक शाला अमलीपदर के शिक्षक अनिल कुमार अवस्थी, शासकीय प्राथमिक शाला मैनपुर के शिक्षक पुनेश्वर साहु विज्ञान एवं एफ.एल.एन. के अन्तर्गत गणितीय कौशल विकास के लिए बनाया गया माडल -भाग मशीन, सौरमंडल दिन-रात माडल , जादुई पहाड़ा मशीन, अंग्रेजी शब्द भंडार एवं श्रीमती सरोज सेन (संकुल समन्वयक -मैनपुर 1) के नेतृत्व में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के तहत जादुई पिटारा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा, शिक्षको ने बच्चो को सहायक शिक्षण सामग्रीयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी,मैनपुर विकास खण्ड के शिक्षिकाओं के व्दारा अंगना में शिक्षा के अन्तर्गत बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन कार्य का अवलोकन विकास खण्ड मैनपुर के वि.ख.शिक्षा अधिकारी श्री चन्द्रशेखर मिश्रा सर , विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर श्री रामेन्द कुमार जोशी,बी.आर.सी.सी. श्री टिकेन्द यदु ने अवलोकन किया एवं बेहतरीन प्रदर्शन के लिए वि.ख.शिक्षा अधिकारी श्री चन्द्रशेखर मिश्रा,वि.ख.स्त्रोत समन्वयक मैनपुर श्री शिवकुमार नागे सर ने खूब प्रसंशा की है और मैनपुर के पी एल सी टीम को शुभकामनाएं दी हैं आज शिक्षा विभाग के स्टॉल में श्रीमती सरोज सेन (संकुल समन्वयक), अनिल कुमार अवस्थी, पुनेश्वर साहू, फणेन्द साहु, कमल किशोर ताम्रकार, प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी, प्रधान पाठक आलोक शर्मा,नीलाधर प्रधान , उत्तम प्रधान, सतीश कुमार यादव,कलेन्द्री मरकाम,सीमा दास, ओंकार शर्मा, सतीश दुबे, सुरेश गुप्ता,डोशन साहु, गोपाल कंसारी, नीरज कुमार साहु , राजेन्द्र पाल,श्यामा अग्रवाल, दिनेश्वरी साहु उपस्थित रहे।

# ग्वालियर में चिटफंड कंपनी ठेले वालों से ब्याज के नाम पर कर रही अवैध वसूली, पुलिस नहीं कर रही सुनवाई, एसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित

चिटफंड कंपनी यानि ऐसी बोगस कंपनी जो नियम विरुद्ध चलती हैं और लोगों के पैसे गैरकानूनी रूप से जमाकर उन्हें ठगती हैं इनका कारोबार करना प्रतिबंधित है लेकिन ग्वालियर में एक ऐसे ही कंपनी सामने आई है जो खुलेआम कारोबार कर रही है, खास बात ये है कि पी?ित जब पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचे तो पुलिस उन्हें एक थाने से दूसरे थाने तक घुमाती रही, लोग जब परेशान हो गए तो आज वे पुलिस की जनसुनवाई में एसपी ऑफिस पहुंचे और शिकायती आवेदन दिया।

**ग्वालियर में खुले आम चिटफंड का कारोबार** -ग्वालियर में कुछ पी?ितों के साथ पहुंचे राघवेन्द्र सिंह चौहान ने पुलिस को दिए शिकायती आवेदन में कहा कि कमलेश शिवहरे नामक एक व्यक्ति गरीब ठेले वालों, मजदूरों को ठग रहा हैं वो फर्जी चिटफंड कंपनी के नाम पर ब्याज पर पैसे देने का काम कर रहा है जो गैर कानूनी है, शिकायतकर्ता ने बताया कि ये इन गरीबों को 10 हजार देकर उनसे 20 हजार वसूलता है।

**अवैध वसूली के लगाये आरोप** -उसने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ये पैसा देने के बाद 500 रुपये रोज उनसे वसूलता है जो ठेले नहीं लगाते उनपर 500 रुपये रोज के हिसाब से पेनाल्टी लगाता है और जो रकम लौटा देते हैं लेकिन ब्याज नहीं दे पाते उनसे एक ब्लेंक चैक और ब्लेंक स्टाम्प दस्तखत कर ले लेता है और उसमें रकम भर लेता है और मोटा पैसा भरता है और नहीं देने पर कोर्ट में घसीटने की धमकी देता है।राघवेन्द्र ने कहा कि ऐसे बहुत से लोग हैं जो इससे परेशान हैं वो मेरे पास आये थे मैं तो प्राइवेट जॉब करता हूँ लेकिन इन गरीबों की मदद के लिए इनके साथ हूँ , मैं इन्हें लेकर मुरार थाने गया तो मुझे कहा कि हजीरा थाने जाओ , हजीरा गया तो कहा मुरार जाओ तब जाकर आज सपी ऑफिस आये हैं।उधर सीएसपी अशोक जादौन ने बताया कि मुरार थाना क्षेत्र से कुछ ठेले वाले आये थे कि उनके साथ के एस ग्रुप द्वारा लोन देकर अवैध वसूली की जा रही है , ज्यादा ब्याज लिया जा रहा उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है, पुलिस ने उनकी शिकायत ले ली है और इसपर टीआई को जाँच के निर्देश दिए हैं।



# सास ने बहू पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप, पुलिस में की शिकायत




आमतौर पर ये शिकायतें पुलिस के पास पहुँचती हैं कि सास ने बहू पर अत्याचार किये, उसके साथ मारपीट की, उसे प्रताड़ित किया, लेकिन ग्वालियर पुलिस के पास आज इससे उलट शिकायत पहुंची, एक पीड़ित सास आज अपनी शिकायत लेकर पुलिस की जन सुनवाई में पहुंची , उसने अपनी बहू पर मारपीट करने के आरोप लगाये।

**पुलिस के पास पहुंची सास, बहू पर लगाये मारपीट के आरोप**-ग्वालियर एसपी ऑफिस में आयोजित जनसुनवाई में आज एक महिला पुष्पा प्रजापति पहुंची, उसने पुलिस को एक आवेदन दिया जिसमें उसने अपनी बहू भावना पर उसके साथ मारपीट करने के आरोप लगाये, महिला का आरोप है कि वो मेरा मकान हड़पना चाहती है , छोटी छोटी बातों पर मारपीट करती है, मुझे घर से निकालना चाहती है, महिला ने ये भी कहा कि बहू मेरे बेटे यानि अपने पति को भी मारती है उसे जला भी चुकी है, महिला ने कहा कि वो मेरे घर से चली जाए मैं उसका हिस्सा दे दूंगी।

**पुलिस ने बेटे, बहू और सास को तलब किया** -जनसुनवाई में महिला का आवेदन लेने वाले सीएसपी अशोक जादौन ने कहा कि बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बहू पर मारपीट करने के आरोप लगाये हैं, उन्होंने वीडियो भी साक्ष्य के तौर पर आवेदन के साथ पुलिस को दिए हैं, हमने फौरी तौर पर बेटे बहू और सास तीनों को बुलाया है उनसे घटना के संबंध में पूछताछ की जाएगी , समझाइश दी जाएगी नहीं माने तो फिर वैधानिक कार्रवाई करेंगे।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ग्वालियर सहित देश के अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिये किया स्वदेश दर्शन 2.0 योजना का आभासी शुभारम्भ

### ग्वालियर में पर्यटन सर्किट विकसित होगा और फूलबाग हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन बनेगा






**महेन्द्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर ।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुरुवार को पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए, स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजना के अंतर्गत 1400 करोड़ रुपये से अधिक राशि की 52 पर्यटन क्षेत्र की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश के ग्वालियर और चित्रकूट क्षेत्र की पर्यटन विकास योजना भी शामिल है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण इन स्थलों पर विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और सुविधाओं का निर्माण करके देश के प्रमुख तीर्थ और पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के समग्र अनुभव की गुणवत्ता में सुधार करना है। प्रमुख कार्यक्रम श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में हुआ। जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की आभासी लॉन्चिंग कार्यक्रम स्मार्ट सिटी कार्यालय, मोतीमहल परिसर में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रधुम्न सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत मध्य प्रदेश से ग्वालियर व चित्रकूट को शामिल किया गया है। इस योजना के तहत ग्वालियर में पर्यटन सर्किट को विकसित किया जाएगा। इस योजना के प्रथम चरण के ग्वालियर के फूलबाग हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन को चुना गया है। स्मार्ट सिटी परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रदेश की पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अभय चौधरी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती अपर्णा पाटिल उपस्थित थे। वही कार्यक्रम मे स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती नीतू माथुर एवं मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारीगण सहित आईआईटीटीएम, आईएचएम के विधार्थी बडी संख्या मे उपस्थित थे।प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियर ऐतिहासिक नगरी है। पुरातत्व महत्व के अनेक स्थल ग्वालियर में स्थापित हैं। इसके साथ ही कला और संस्कृति व संगीत के क्षेत्र में भी ग्वालियर की अपनी अलग पहचान है। भारत दर्शन 2.0 योजना के माध्यम से ग्वालियर में जो कार्य किए जायेंगे, उससे देश-विदेश के पर्यटक ग्वालियर आयेंगे और ग्वालियर के गौरवशाली इतिहास को देख सकेंगे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने भी अपने विचार रखे। स्वदेश दर्शन योजना ग्वालियर के फूलबाग हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन के तहत पर्यटन को लेकर होगे कई विकास कार्य स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के प्रथम चरण मे फूलबाग-मोतीमहल क्षेत्र को फूलबाग हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन के रुप मे विकसित किया जायेगा। फूलबाग क्षेत्र को पर्यटन के नवीन अनुभव क्षेत्र के रूप में लगभग 17 करोड़ की राशि से पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की स्वदेश दर्शन 2.0 योजनांतर्गत विकसित किया जावेगा। इस योजना के अंतर्गत इस क्षेत्र मे स्थित मोतीमहल, बैजाताल, संग्रहालय, गोपाल मंदिर एवं रानी लक्ष्मी बाई समाँधि स्थल को पर्यटन सर्किट के रुप मे विकसित कर पर्यटको को लगभग 1.8 कि.मी के क्षेत्र को विटेंज कार के माध्यम से भ्रमण कराया जावेगा। वही मोतीमहल, ग्वालियर में भी भारत सरकार की अन्य योजनांतर्गत ÷संगीत संग्रहालय÷ स्थापित किया जायेगा। बैजाताल के समक्ष फूडजोन, मूर्तिकला केन्द्र, इटालियन गार्डन क्षेत्र का सौन्द्रर्गीकरण एवं प्रोजेक्शन मेपिंग के कार्य भी किये जायेगें। इस क्षेत्र के विकसित होने से यहाँ पर्यटन के विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

# ग्वालियर की विकास गाथा लिखने हेतु ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बांटे पीले चावल

**महेन्द्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। ग्वालियर के विकास की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में केन्द्रीय नागरिक विमानन एवं इस्पात मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के अथक प्रयासों से आगामी 10 मार्च रविवार को सुबह साढ़े दस बजे मध्य प्रदेश के सबसे बड़े राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल का शुभारंभ होने जा रहा है। इस भव्यतम और ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए गुरुवार को ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर-15 विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 और 14 में पीले चावल वितरण कर लोगों को आमंत्रित किया।ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गुरुवार भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड क्रमांक 13 और 14 में जनसंपर्क करते हुए ग्वालियर के विकास को लेकर लिखी जा रही विकास गाथा का उल्लेख किया और लोगों से इसमें सहभागिता करने की मनुहार की। उन्होंने कहा कि 10 मार्च को केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगुवाई में ग्वालियर के विकास की कड़ी में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। मेरा आग्रह है कि इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए आप सभी 10 मार्च रविवार को सुबह साढ़े दस बजे ग्वालियर राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल परिसर में आयोजित समारोह में उपस्थित हों। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री के साथ भाजपा रानी लक्ष्मीबाई मंडल के अध्यक्ष मनमोहन पाठक, पार्षद दिनेश सिकरवार, ओमप्रकाश नामदेव,दीनू कुशवाह, केके कुशवाह, पंजाब यादव, सूरज तोमर तथा फरीद कुरैशी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।






# जिस काल में मां अष्ट लक्ष्मी विराजित हुई हैं, इस मुहूर्त का संकल्प सिद्धि के लिए विशेष महत्व



ग्वालियर। नगर के वास्तु दोष का निदान करने के लिए जौरासी के हनुमान मंदिर परिसर में 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित श्री अष्ट महालक्ष्मी के मंदिर का विधि-विधान के साथ प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत गुरुवार को जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरी ने महाराज ने लोकार्पण किया।काल में मां अष्ट लक्ष्मी विराजित हुई हैं, इस मुहूर्त का संकल्प सिद्धि के लिए विशेष महत्वइससे पहले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि धूमेश्वर धाम महामंडलेश्वर अनिरुद्ध महाराज, दंदरौआ धाम रामदास महाराज, खनेता धाम महाराज, जूनागढ़ अखाड़े महाराज, लाल टिपारा महाराज, खड़वाई महामंडलेश्वर आदि संत भी मौजूद थे।यह भी पढ़ें में समा गए आठ करोड़ रुपये और ढंग के पैबंद भी नहीं लगेत्र2ड्डद्यद्ब१ह्न ह्द्न2ह्य~ गड्डों में समा गए आठ करोड़ रुपये और ढंग के पैबंद भी नहीं लगेइस अवसर पर अवधेशानंद महाराज ने कहा कि शिवरात्रि की पूर्व संध्या का दिव्य पर्व है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि जिस काल में यह मूर्ति स्थापित की गई है वह मुहूर्त संकल्प सिद्धि के लिए विशेष महत्व रखता है।

**ग्वालियर आध्यात्मिक केंद्र रहा है** - सिंधिया इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हजारों साल से ही ग्वालियर आध्यात्मिक केंद्र रहा है। यहां पर किले पर सहस्त्रबाहु मंदिर, विष्णु मंदिर, चतुर्भुज मंदिर, दक्षिण भारत का देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर, गोरखी मंदिर, कोटेश्वर मंदिर, मांडरे की माता मंदिर इसी कड़ी में अब अष्ट महालक्ष्मी मंदिर निर्माण के बाद नई कड़ी जुड़ने जा रही है। जिससे ग्वालियर पूरे देश में आध्यात्मिक केंद्र बनकर उभरेगा।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि एक तरफ जौरासी के हनुमान हैं तो दूसरी तरफ अष्ट महालक्ष्मी और बीच में स्वामी अवधेशानंद जी हैं।

# जेल में अचानक आसमान से गिरी गोली, आवाज सुन डर के मारे छिप गए कर्मचारी और कैदी, मचा हड़कंप



ग्वालियर. मध्य प्रदेश के ग्वालियर सेंट्रल जेल परिसर में बुधवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब अचानक एक गोली आसमान से गिरी. राइफल से चली गोली जेल की निर्वाह शाखा के छज्जे पर आकर गिरी. फिलहाल जेल प्रशासन की शिकायत पर बहोड़ापुर थाना में केस दर्ज किया गया है. गोली देखते ही जेल की निर्वाह शाखा में हड़कंप मच गया. कर्मचारी और कैदी फायरिंग की आशंका में छिप गए. इसके बाद जेल अफसरों ने बहोड़ापुर पुलिस को मामले की जानकारी दी. शादी समारोह में हर्ष फायर की गोली जेल में गिरने की आशंका जताई जा रही है. जेल परिसर के आसपास हैं मैरिज गार्डन और होटल भी है. फिलहाल पुलिस आसपास आयोजित हुए कार्यक्रमों की जानकारी जुटा रही है.बुधवार शाम केंद्रीय जेल में कर्मचारी और बंदी निर्वाह शाखा के पास खड़े थे .उसी दौरान आसमान से आई एक गोली छज्जे से टकराकर नीचे आ गिरी. गोली देखते ही अचानक हड़प्पा मच गया. कर्मचारी और कैदी फायरिंग की आशंका में छिप गए. थोड़ी देर बाद कर्मचारियों ने जेल प्रशासन को खबर दी. इसके बाद जेल अफसर मौके पर पहुंचे और बहोड़ापुर पुलिस को खबर दी गई.

**पुलिस कर रही मामले की जांच**-घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. परिसर से गोली बरामद करने के बाद पुलिस ने बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है. जेल परिसर के आसपास कुछ मैरिज गार्डन हैं. आंशका है कि यहां शादी समारोह के दौरान हर्ष फायर गए हैं जिसकी गोली जेल परिसर में आ गिरी ह

# सीएम मोहन यादव ने ग्वालियर के अष्ट महालक्ष्मी मंदिर में किए दर्शन, कहा- अवध से अरब तक विराजित हैं भगवान राम



ग्वालियर. मध्य प्रदेश के ग्वालियर के जोरासी में बुधवार को मां महालक्ष्मी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर उन्होंने मां लक्ष्मी का आशीर्वाद लिया. इसके साथ ही जौरासी में 14 करो? की लागत से बने मां लक्ष्मी मंदिर में भक्तों के लिए दर्शन शुरू हुए. जौरासी में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने ष्टरू डॉ मोहन यादव का स्वागत किया. ष्टरूने सबसे पहले जौरासी हनुमान मंदिर में बजरंगबली के दर्शन कर आशीर्वाद लिए. इसके बाद ष्टरूमहालक्ष्मी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए जहां सीएम ने मां महालक्ष्मी के पूजन दर्शन किए. मंदिर प्रांगण में ष्टरूने भक्तों का अभिनंदन किया. अवध से लेकर अरब तक भगवान राम विराजित हैं. 56 इंच वाले ने ये करके दिखाया है, ये बयान ग्वालियर के जोरासी गांव में आयोजित मां अष्ट महालक्ष्मी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सीएम ने अपने संबोधन में दिया. जौरासी हनुमान मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में ष्टरूके साथ विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहे.

**मुख्यमंत्री ने दिया बड़ा बयान**-मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ये सनातन संस्कृति की परंपरा है. आज जौरासी जैसे छोटे से स्थान पर भव्य मंदिर बनाया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक अनुष्ठान का पर्व चल रहा है. ये सुखद है कि अभी 22 जनवरी को प्रभु राम अयोध्या में मुस्कुराए हैं. अयोध्या तो ठीक अब अवध से अरब तक भगावन राम विराजित हैं. 20 साल पहले कांग्रेस सरकार के दौरान हमारे शंकराचार्य अरब गए थे, शंकराचार्य सनातन वेशभूषा में थे. दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस की सरकार थी और हमारे शंकराचार्य को अरब में हवाई अड्डे पर उतरने नहीं दिया गया. शंकराचार्य जी की वेशभूषा, रुद्राक्ष की माला, माथे पर त्रिपुंड त्रिशूल था. इसके चलते उन्हें उतार दिया, लेकिन आज हमें इस बात की प्रसन्नता की 56 इंच के सीने वाले ने अरब में ब?ा मंदिर बनाकर हमारी सांस्कृतिक ध्वजा को लहराने का काम किया है.


# कार्यालय नगर परिषद मालनपुर,जिला – भिण्ड (म.प्र.)

क्रमांक / राजस्व / 2024 / 291 मालनपुर दिनांक 05 / 03 / 2024

**नामांकन विज्ञप्ति**

**एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद मालनपुर क्षेत्र अन्तर्गत निम्नलिखित सम्पत्तियों का म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 अन्तर्गत धारा के अशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं उपकर वसूली हेतु नामांकन नीचे उल्लेखित सूची अनुसार किया जान प्रस्तावित है इस सम्बन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर के कार्यालय में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में (दोनों दिवस सम्मलित करते हुए) लिखित में अपनी आपत्ति मय प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात कोई आपत्ति ग्राहय नहीं की जावेगी एवं युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।**

| क्र. | वार्ड क्र. | नमांकन प्रकरण क्र. | किस नाम से नामांकन होना है। नाम / पिता / पति | सम्पति हस्तांतरित कर्ता का नाम | सम्पत्ति माप का विवरण (वर्गफिट) | नामांकन का आधार | सम्पत्ति कहॉ स्थित है(पता) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 09 | 18 / 2024×3 / 11 | सीमा पत्नी भीकाराम श्रीवास | दीपक पुत्र रामकुमार शर्मा | 1125 | विक्रय पत्र | थाने के पीछे |
| 2 | 05 | 19 / 2024×3 / 11 | बल्वीर पुत्र लक्ष्मीनारायण | विद्याराम पुत्र देवीराम | 450 | विक्रय पत्र | हरीराम का पुरा |
| 3 | 14 | 20 / 2024×3 / 11 | कलियान सिंह पुत्र कैलाश शर्मा | लीला पत्नी विष्णु शर्मा | 700 | विक्रय पत्र | मालनपुर |
| 4 | 14 | 21 / 2024×3 / 11 | सुमन पत्नी मुकेश शर्मा | लीला पत्नी विष्णु शर्मा | 700 | विक्रय पत्र | मालनपुर |
| 5 | 12 | 22 / 2024×3 / 11 | मायाराम ,अजयपाल पुत्रगण रामशंकर | हरनारायण पुत्र रामदुलारे शर्मा | 1125 | विक्रय पत्र | थाने के पीछे |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद मालनपुर भिण्ड**
**मालनपुर,दिनांक........................**


स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478